● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 207, पृष्ठ : 08, सीधी, सोमवार, 09 सितम्बर 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



पीएम मोदी ने की प्रवीण कुमार से बात 5

ऑलराउंडर मोईन ने लिया सन्यास 6

## इंदौर रीजनल डेवलपमेंट एरिया के चहुँमुखी विकास के लिए बनेगी कार्ययोजना : डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि इंदौर तेजी से बढ़ता हुआ शहर है। इस शहर में विकास की अपार संभावनाएँ है। मध्यप्रदेश और इंदौर शहर देश के मध्य भाग में स्थित है। इसको दृष्टिगत रखते हुए यहां का विकास सुनियोजित रूप से किए जाने की आवश्यकता है। अगर इंदौर शहर और मध्यप्रदेश का सुनियोजित विकास होगा तो इसका लाभ अन्य राज्यों को भी मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज इंदौर में विकास कार्यों की समीक्षा की। इसमें इंदौर के चहुँमुखी विकास के संबंध में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।




बैठक मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रस्तावित इंदौर मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र एवं इंदौर रीजनल डेवलपमेंट एरिया के चहुँमुखी विकास के लिए कार्य-योजना तैयार होगी। इंदौर नगर निगम सीमा में शामिल 29 गांवों के विकास के लिए विशेष कार्ययोजना बनायी जायेगी। यह कार्ययोजना एक माह में तैयार करने के निर्देश मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा दिये गये। साथ ही निर्णय लिया गया कि इंदौर शहर के एलआईजी से नवलखा तक प्रस्तावित एलिवेटेड ब्रिज के स्थान पर आवश्यकता के अनुसार जंक्शनों पर 6 और ब्रिज बनाये जाएंगे। यह भी तय किया गया कि नगर निगम सीमा क्षेत्र में शामिल 29 गांवों और शहर की अन्य पुरानी बस्तियों के भू-स्वामित्व संबंधी मामले निराकृत हों और इनके नक्शे भी पास करने की व्यवस्था बनायी जाये। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाये कि इन गांवों में वैध कॉलोनियों की तरह ही सभी मूलभूत सुविधाएं मिलें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर जिले में स्वीकृत तथा प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्यों को पूरा करने की समय-सीमा भी तय की।

बैठक में बताया गया कि एलआईजी से लेकर नवलखा तक एलिवेटेड ब्रिज के लिये मात्र तीन प्रतिशत की उपयोगिता ही मिली है। इसको देखते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जब इतनी कम उपयोगिता आ रही है तो एलिवेटेड ब्रिज की जरूरत नहीं है। इसके बजाय वैकल्पिक व्यवस्था की जाये। एलिवेटेड ब्रिज की बजाय अलग-अलग जंक्शनों पर ब्रिज बनाये जायें। बताया गया कि 6 ओव्हर ब्रिज इस मार्ग पर बनाये जाने की जरूरत है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इसके लिये कार्य-योजना तैयार करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अमृत योजना की भी समीक्षा की और निर्देश दिये कि शहर में 2047 की आवश्यकता को देखते हुए जल प्रदाय और सीवरेज लाईन के संबंध में कार्य-योजना तैयार कर कार्य शीघ्र प्रारंभ किये जायें। धनराशि के संबंध में भी प्लान तैयार हो।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंदौर तथा आस-पास के क्षेत्रों में तेजी से विकास हो रहा है। इन क्षेत्रों में सुनियोजित विकास की आवश्यकता है। इसको देखते हुए मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र एवं इंदौर रीजनल डेवलपमेंट एरिया विकसित होना चाहिये। इसके मद्देनजर इस क्षेत्र में शामिल होने वाले इंदौर, उज्जैन, धार, देवास के प्रत्येक ग्राम और हर क्षेत्र के समग्र और सुनियोजित विकास का प्लान तैयार होना चाहिये।

## पाकिस्तान पीओके के लोगों को विदेशी मानता है: राजनाथ

**जम्मू।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार (8 सितंबर) को कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर के निवासियों को भारत में शामिल होना चाहिए, हम उन्हें अपना मानते हैं।



राजनाथ ने ये बात जम्मू-कश्मीर के रामबन में कही। यहां वे बीजेपी उम्मीदवार राकेश सिंह ठाकुर के लिए वोट मांगने पहुंचे थे। वे बनिहाल भी जाएंगे। यहां बीजेपी उम्मीदवार मोहम्मद सलीम भट के लिए वोट मांगने जाएंगे।

गृह मंत्री ने कहा- पाकिस्तान पीओके के निवासियों को विदेशी मानता है, लेकिन भारत उन्हें अपना मानता है। जब तक भाजपा है, तब तक जम्मू-कश्मीर में आर्टिकल 370 की वापसी नहीं हो सकती।

अगस्त 2019 में जब आर्टिकल 370 हटा तब से जम्मू-कश्मीर में सिक्योरिटी को लेकर बड़े बदलाव हुए। यहां का युवा अब पिस्तौल-रिवॉल्वर के बजाय लैपटॉप और कंप्यूटर रखते हैं। बीते 5 साल में हमने 40 हजार जॉब जनरेट किए।

उन्होंने कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस को आतंकियों के लिए सहानुभूति है। मैंने सुना कि उमर अब्दुल्ला ने कहा कि अफजल गुरु को फांसी नहीं दी जानी चाहिए थी। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि क्या अफजल गुरु को माला पहनाई जानी चाहिए थी?

बीजेपी से राकेश सिंह ठाकुर, एनसी से अर्जुन सिंह रामबन विधानसभा श्रेत्र से भाजपा से राकेश सिंह ठाकुर मैदान में हैं। नेशनल कॉन्फ्रेंस ने अर्जुन सिंह राजू को टिकट दिया है। एनसी के बागी कार्यकर्ता सूरज सिंह परिहार भी चुनाव लड़ रहे हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा के नीलम कुमार लंगेह ने जीत हासिल की थी। लेकिन इस बार उन्हें टिकट नहीं मिला।

उमर अब्दुल्ला ने कहा था- अफजल गुरु को फांसी देना गलत जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम उमर अब्दुल्ला ने 6 सितंबर को कहा था कि 2001 के संसद हमले के दोषी अफजल गुरु को फांसी देने से कोई भी उद्देश्य पूरा नहीं हुआ।

एएनआई को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा था कि जम्मू-कश्मीर सरकार का अफजल गुरु की फांसी से कोई लेना-देना नहीं था। अगर होता तो राज्य सरकार की अनुमति से गुरु को फांसी देनी पड़ती, जिसके लिए राज्य सरकार कभी परमिशन नहीं देती।

## सौ जन्म लेकर भी शरद पवार की सोच को कभी नहीं समझ सकते: राउत

**मुंबई।** नेता और राज्यसभा सांसद संजय राउत ने रविवार को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस की आलोचना करते हुए कहा कि भले ही वह 100 जन्म भी ले लें, तब भी वह यह नहीं समझ पाएंगे कि राकांपा (सपा) सुप्रीमो शरद पवार के दिमाग में क्या चल रहा है।

राउत का यह बयान तब सामने आया है, जब कुछ दिन पहले फडणवीस ने दावा किया था कि शरद पवार ने राज्य विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री पद के लिए तीन से चार नामों की सूची बनाई है। लेकिन उद्धव ठाकरे उनमें से नहीं हैं। शिवसेना (यूबीटी) के नेता ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, क्या फडणवीस को 2019 में पता था कि शरद पवार क्या सोच रहे थे और क्या योजना बना रहे थे? अगर वे सौ बार भी जन्म ले लें, तब भी यह नहीं सोच सकते कि शरद पवार के दिमाग में क्या चल रहा है। अगर राज्य सरकार में कुछ हिम्मत बची है, तो उसे चुनाव की तारीख का एलान करना चाहिए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हाल ही में केवल सियासी दलों और उनके नेताओं ही नहीं, बल्कि उनके परिवारों के भीतर भी विभाजन कराया। राउत का यह बयान तब सामने आया है, जब हाल ही में उप मुख्यमंत्री ने एक बयान में कहा था कि समाज उन लोगों को पसंद नहीं करता है जो अपने परिवारों को तोड़ते हैं।

### मुख्यमंत्री बीना से लाड़ली बहनों के खाते में 1574 करोड़ रूपये करेंगे अंतरित

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 9 सितंबर को सागर जिले के बीना से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के हितग्राहियों के खातों में राशि अंतरित करेंगे। सागर जिले के बीना कृषि उपज मंडी में होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव लाड़ली बहना योजना की 1.29 करोड़ बहनों के खातों में 1574 करोड़ रूपये की राशि अंतरित करेंगे। इसी कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों के खाते में 332.43 करोड़ रूपये अंतरित की जायेगी।

## सत्ता में आने के लिए सपा षड्यंत्र रच रही है: योगी

**अंबेडकरनगर।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अंबेडकरनगर में कहा कि सत्ता में आने के लिए सपा षड्यंत्र रच रही है। जाति के नाम पर लोगों को बांटने की कोशिश हो रही है। सीएम बोले कि सपा सरकार में जो जितना बड़ा गुंडा होता था उसको उतना बड़ा ओहदा मिलता था

सीएम हीड़ी पकड़िया में 12 अरब 31 करोड़ रुपए से जुड़ी परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हम विकास, सुरक्षा और खुशहाली ला रहे जबकि सपा और कांग्रेस को सिर्फ माफियाओं की फिक्र रहती है। सपा के राज में माफियाओं की जिले जिले में समानांतर सरकार चलती थी। पहले माफिया त्योहार नहीं होने देते थे। अब माफियाओं की छुट्टी हो गई है।

योगी ने सपा प्रमुख का नाम लिए बिना कहा कि सत्ता विरासत में मिल सकती है लेकिन बुद्धि नहीं। सीएम ने सुल्तानपुर डकैती में एक बदमाश के मारे जाने को लेकर सपा प्रमुख की आपत्ति पर उन्हें निशाने पर रखा। बोले कि असलहा लहरा कर डकैती डाल रहे बदमाश ने यदि किसी ग्राहक को गोली मार दी होती तब क्या होता। उस ग्राहक में कोई यादव भी हो सकता था। लगभग 40 मिनट के भाषण में सीएम ज्यादातर समय सपा और कांग्रेस पर ही हमलावर रहे। उन्होंने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच कटेहरी बाजार में बाईपास निर्माण और सुरहुरपुर में सुहेलदेव स्मृति में स्मारक निर्माण की घोषणा भी की।

सीएम योगी ने कहा कि सपा सरकार में गुंडों की पूरी फौज थी, सपा के लोग उन्हें अपना शागिर्द मानते थे। जितना बड़ा गुंडा होता है, सपा में उतना बड़ा ओहदा मिलता है। सपा के लोगों को इसी में गौरव की अनुभूति होती है।

### कच्छ में अज्ञात बुखार से 12 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** गुजरात के कई हिस्सों में भारी बारिश और बाढ़ के प्रकोप के बीच रविवार (8 सितंबर) को चौंकाने वाली खबर सामने आई है। यहां कच्छ जिले के लखपत तालुका में एक हफ्ते के भीतर 12 लोगों की मौत हो गई, जिसमें 12 साल से कम उम्र के चार बच्चे भी शामिल हैं। अधिकारियों ने कहा, मौत का कारण प्राथमिक रूप से न्यूमोनाइटिस प्रतीत होता है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है।

## मणिपुर सीएम बीरेन सिंह के इस्तीफे की अटकलें

**इंफाल।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने पिछले 16 घंटो में दो बार गवर्नर लक्ष्मण प्रसाद आचार्य से मुलाकात की। वे आज (8 सितंबर) दोपहर करीब 12 बजे राज्यपाल से मिलने पहुंचे।

वहीं शनिवार (7 सितंबर) रात 8 बजे भी उन्होंने राज्यपाल से मुलाकात की थी। यह मीटिंग करीब 30 मिनट तक चली थी। इससे पहले बीरेन सिंह सीएम हाउस में सभी विधायकों से भी मिले थे। सूत्रों की मानें तो बीरेन सिंह इस्तीफा दे सकते हैं। उन्होंने पिछले साल 20 जून को भी इस्तीफा देने की पेशकश की थी। हालांकि, बाद में फैसला बदल लिया। हालांकि, इस्तीफे की चर्चा के बीच बीरेन सिंह ने गवर्नर से यूनिफाइड कमांड की मांग है। इसमें सभी सुरक्षा एजेंसियों की कमान राज्य सरकार के पास आ जाएगी। फिलहाल यह केंद्र सरकार के कंट्रोल में है। मणिपुर में मई 2023 से कुकी और मैतेई समुदाय के बीच हिंसा जारी है। बीते 7 दिनों से हिंसा बढ़ गई है। इसमें 8 लोगों की मौत हुई है।

## फारूक अब्दुल्ला बोले- अमित शाह नेशनल कॉन्फ्रेंस से डरते हैं

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के बीच पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने अमित शाह पर निशाना साधा है। अब्दुल्ला ने कहा- शाह कहते हैं कि कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस सत्ता में आई तो आतंकवाद फिर से शुरू हो जाएगा। मैं उनसे पूछता हूं कि जब उन्होंने अनुच्छेद 370 को खत्म किया तो क्या आतंकवाद खत्म हो गया?

अब्दुल्ला ने कहा- अमित शाह नेशनल कॉन्फ्रेंस से डरते हैं, इसलिए वे हर तरह से नेशनल कॉन्फ्रेंस को बदनाम करने की कोशिश करते हैं, लेकिन हम जीतेंगे। मैं उनसे बस इतना कहना चाहता हूं कि हम उस भारत के खिलाफ हैं, जो वे बनाना चाहते हैं। भारत सबका है, हिंदू, मुस्लिम, सिख, बौद्ध, ईसाई सबका है।

उन्होंने कहा- हम घुसपैठिए नहीं हैं, हम मंगलसूत्र नहीं छीनने जा रहे, जो वे मुसलमानों पर उंगली उठा रहे हैं। उन्हें पता होना चाहिए कि मुसलमानों ने भी देश की आजादी के लिए अपनी जान कुर्बान की है। वे केवल हिंदुओं को डराने की कोशिश करते हैं, लेकिन अब हिंदू वह हिंदू नहीं हैं।

शाह ने कहा- अब्दुल्ला की सरकार कभी नहीं बन सकती गृह मंत्री अमित शाह ने 6 सितंबर को भाजपा का संकल्प पत्र जारी किया था। 7 सितंबर को उन्होंने जम्मू के पलौरा में जनसभा की। शाह ने कहा- जम्मू-कश्मीर में अफवाह है कि नेशनल कॉन्फ्रेंस सरकार बनाने जा रही है। मैं बहुत छोटी उम्र से चुनावी आंकड़े सीख रहा हूं और मैं आपको यह बता रहा हूं कि जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस और फारूक अब्दुल्ला की सरकार कभी नहीं बन सकती। भाजपा चुनाव जीतेगी।

कांग्रेस बोली- राज्य का दर्जा छीनकर भाजपा ने अन्याय किया फारुख अब्दुल्ला के बयान पर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा, सवाल बहुत हैं। सबसे बड़ा सवाल, जो कांग्रेस पार्टी और अनेक पार्टियां उठाती आई हैं वो यह है कि भाजपा ने किसी राज्य से पूर्ण राज्य का दर्जा छीनकर उसे केंद्र शासित बना दिया। इससे बड़ा अन्याय इस देश के किसी राज्य के साथ नहीं हुआ।

जम्मू-कश्मीर में विधानसभा की 90 सीटें हैं, जिनमें से 47 घाटी में और 43 जम्मू संभाग में हैं। प्रदेश में 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को तीन फेज में चुनाव होने हैं। नतीजे 8 अक्टूबर को आएंगे।

## एमपी के उपस्वास्थ्य केंद्रों में टेलीमेडिसिन सेवाएं शुरू

**भोपाल।** प्रदेश के उपस्वास्थ्य केंद्रों में आने वाले रोगियों को मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञों की सेवाएं मिल सकेंगी। टेलीमेडिसिन के माध्यम से वह उप स्वास्थ्य केंद्र में उपस्थित सामुदायिक चिकित्सा अधिकारी (सीएचओ) से रोगी की जानकारी लेकर जांच, दवा और रेफरल के बारे में सुझाएंगे।

शुरुआत में उन मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञों का सहायता ली जाएगी जहां कॉलेज का खुद का अस्पताल नहीं है। अपना अस्पताल नहीं होने के कारण उनकी व्यस्तता अन्य कॉलेज के विशेषज्ञों (फैकल्टी) की तुलना में कम है।

अगले वर्ष से जो नए कॉलेज खुलने जा रहे हैं वहां के लिए कुछ नान क्लीनिकल विषयों में डॉक्टरों की भर्ती की जा रही है। उनका उपयोग भी टेलीमेडिसिन सेवा के लिए किया जा सकेगा। अभी उप स्वास्थ्य केंद्रों को टेलीमेडिसिन सेवा के लिए जिला अस्पताल के विशेषज्ञों से जोड़ा जाता है। मेडिकल कॉलेज सुपरस्पेशियलिटी अस्पताल होते हैं। इनकी सलाह रोगियों के लिए अधिक लाभकारी हो सकती है।

### देवास में श्रमिकों की नाव नर्मदा में पलटी, एक लापता

**देवास।** जिले के खातेगांव तहसील के अंतर्गत ग्राम राजोर के समीप रविवार दोपहर एक नाव नर्मदा नदी में पलट गई। नाव में सवार 7 श्रमिकों को आसपास के अन्य नाववालों व स्थानीय तैराकों ने बचा लिया जबकि एक के लापता होने की जानकारी सामने आई है। जिसकी तलाश स्थानीय गोताखोरों द्वारा की जा रही है, खातेगांव थाने से पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची है। जानकारी के अनुसार हादसा रविवार दोपहर करीब ढाई बजे के आसपास हुआ। सूचना मिलने पर आसपास के अन्य नाविक मौके पर पहुंचे और 7 श्रमिकों को बचा लिया गया। वहीं एक श्रमिक लापता हो गया है। नाव में करीब 8 श्रमिक सवार थे जिनके अवैध तरीके से रेत निकालने का काम करने की आशंका जताई जा रही है।

## बंगाल की खाड़ी में चक्रवात का खतरा, ओडिशा में भारी बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली।** बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर बनने के बाद यह रविवार को डिप्रेशन में बदल गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 24 घंटों में यह उत्तरी ओडिशा-पश्चिम बंगाल तट की ओर बढ़ेगा और डीप डिप्रेशन (चक्रवात) में बदल जाएगा।

राजस्थान में इस मानसून सीजन में 1 जून से 7 सितंबर तक कुल 626.7द्वद्व बरसात हुई, जो सामान्य बारिश से 57 फीसदी ज्यादा है। शनिवार को हुई तेज बारिश के कारण अजमेर और जयपुर की कई सड़कों पर पानी भर गया।

जयपुर में लोगों को 30 किमी का सफर तय करने में 6 घंटे से ज्यादा समय लगा। अजमेर का पुष्कर लेक का जलस्तर भी बढ़ गया है। लेक के 52 घाट पानी में डूब गए। मौसम विभाग ने रविवार (8 सितंबर) को मध्य प्रदेश, समेत 18 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

तेलंगाना में भारी बारिश के चलते 29 जिलों में बाढ़ आ गई है। 31 अगस्त से हो रही बारिश के कारण अब तक 29 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, राज्य में बाढ़ के कारण 5,438 करोड़ रुपए का नुकसान हो चुका है।

बंगाल में मछुआरों को समुद्र से दूर रहने की चेतावनी पश्चिम बंगाल में मौसम विभाग ने 8 से 10 सितंबर तक मछुआरों को समुद्र से दूर रहने की चेतावनी जारी की है। यहां 40-50 किमी प्रतिघंटा की हवा चल सकती है। 9-10 सितंबर को पश्चिमी मिदनापुर, उत्तर-दक्षिण 24 परगना और झारग्राम में भारी बारिश की संभावना जताई है।

## जन समुदाय की अपेक्षाओं को पूरा करना हमारा दायित्व है : शुक्ल

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा शहर के हृदय स्थल सिरमौर चौराहा में निर्मित फ्लाईओवर ब्राज के तृतीय लेग का लोकार्पण किया। 29 करोड़ 61 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित तृतीय लेग सिरमौर चौराहे से सिरमौर एवं बोदाबाग मार्ग के लिए बनाया गया है। इस अवसर पर श्री शुक्ल ने कहा कि जन समुदाय की अपेक्षाओं को पूरा करना हमारा दायित्व है। रीवा शहर को इस निर्माण कार्य के पूरा होने से एक बड़ी सौगात मिली है जिससे यातायात का दबाव कम होगा।



लोकार्पण समारोह में उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि रीवा तेजी से बढ़ता हुआ शहर है। सिंचाई सुविधाओं की वृद्धि से यहाँ के लोग संपन्न हुए हैं। शहर में यातायात का दबाव तेजी से बढ़ा है। इस दबाव को नियंत्रित करने के लिए फ्लाईओवर, रिंगरोड, बाईपास आदि के निर्माण कार्य प्राथमिकता से कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि रीवा के बाईपास को चार सौ करोड़ रुपए की लागत से फोरलेन बनाए जाने का कार्य भी शीघ्र ही प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हरित क्रांति, औद्योगिक क्रांति और पर्यटन क्रांति से रीवा आने वाले दिनों में भोपाल और इंदौर जैसे महानगरों से आगे निकल जाएगा। रीवा में अधोसंरचना विकास के साथ-साथ स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में विस्तार किया जा रहा है। आईटी पार्क का निर्माण कराकर युवाओं को रोजगार के संसाधन मुहैया कराए जाएंगे। श्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था सुशासन के माध्यम से तेजी से आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि रीवा एवं विन्ध्य के विकास के लिए पैसों की कोई कमी नहीं है। जनमानस की बेहतरी के लिए सभी आवश्यक कार्य प्राथमिकता से कराए जाएंगे। श्री शुक्ल ने वार्ड पार्षद की माँग पर सिरमौर चौराहा से सुपर स्पेशलिटी अस्पताल तक फ्लाईओवर निर्माण का डीपीआर बनाने के निर्देश लोक निर्माण सेतु संभाग के अधिकारियों को दिए। उन्होंने सिरमौर चौराहे में थर्ड लेग कार्य को निर्धारित समय से आठ माह पहले पूरा कर लिए जाने पर निर्माण कार्य से जुड़े सभी लोगों को बधाई दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने कहा कि उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल की कल्पनाशीलता का ही परिणाम है कि रीवा में विकास के सभी कार्य हो रहे हैं। केन्द्र और राज्य शासन से राशि लाकर श्री शुक्ल सार्वजनिक विकास के कार्य प्राथमिकता से करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि फ्लाईओवर का यह कार्य बोदाबाग एवं विश्वविद्यालय मार्ग के रहवासियों के लिए सौगात है। इस कार्य को प्रारंभ करने से पूर्व विकास विरोधी लोगों ने कई रूकावटें डालीं थी मगर सत्य के मार्ग में सभी रूकावटें दूर हो गईं और यह फ्लाईओवर बनकर तैयार हो गया। इस अवसर पर विधायक मनगवां इंजीनियर नरेन्द्र प्रजापति ने कहा कि उप मुख्यमंत्री शुक्ल विन्ध्य को चरम उत्कर्ष तक ले जाने का सपना साकार कर रहे हैं। रीवा के विकास के लिए रीवा से बाहर रहने वाले लोग भी उप मुख्यमंत्री जी को श्रेय दे रहे हैं। इससे पूर्व स्वागत उद्बोधन देते हुए वार्ड पार्षद अर्चना पाण्डेय ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है।

# अपराधों पर नियंत्रण के लिए प्रभावी कार्यवाही कर रही है पुलिस

## 6 महीनों में अपराधों में आई कमी, बड़े अपराधों का हुआ खुलासा

**सिंगरौली।** विगत 6 माह में अपराधों के नियंत्रण के लिए पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता ने प्रभावी कदम उठाए हैं। पुलिस समीक्षा बैठकों में थाना प्रभारियों एवं अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गये हैं कि शहर पर अपराधों पर नियंत्रण लाने के लिए रात में लगातार गस्त की जाने, शहर को नशे से दूर करने के लिए नशेड़ियों पर कसावट कर कार्यवाही की जाने, महिलाओं की सुरक्षा को दुष्टिगत रखते हुए विद्यालयों, महाविद्यालयों, नर्सिंग कॉलेज, कोचिंग क्लासेस एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर लगातार भ्रमण कराया जाकर कार्यवाही करने एवं अवैध कार्यों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए। एसपी को आए हुए अभी करीबन 6 महीने भी नहीं बीते हैं। इनके द्वारा कोयला, कबाड़ एवं अवैध कार्यां पर त्वरित कार्यवाही की जाने से अपराधों में नियंत्रण हुआ है एवं कमी परिलक्षित हुई है। यहॉ के जनमानस में यह मैसेज गया है कि पुलिस अपराध पुलिस अपराध करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करेगी। पिछले वर्षों में जिस तरह से अपराध बढ़ रहे थे। नवागत पुलिस अधीक्षक आने से उनपर नियंत्रण दिखा है। जनता और पुलिस के मध्य में समन्वय बैठाने के लिए पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा प्रभावशाली कदम उठाए गये हैं। जन सुनवाई में स्वयं उपस्थित रहकर आमजन की समस्याओं को सुना जाता है। इनका कार्य करने का तरीका इतना प्रभावशाली है कि आमजन की शिकायतों के त्वरित निराकरण कराये जाने हेतु संबंधित अनुविभागीय अधिकारी पुलिस/थाना/चौकी प्रभारियों को मौके पर ही निर्देशित किया जाता है। साथ ही सभी शिकायतों का फीडबैक पुलिस अधीक्षक द्वारा लिया जाता है। जिससे जनमानस में पुलिस की छवि सुधरी है।



**विशेष नवीन पहल**

पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता द्वारा जिले में विशेष नवीन पहल करते हुए बलात्संग के प्रकरणों में पीड़िता को अलग से मेडिकल चिकित्सा एवं काउंसलिंग उपलब्ध कराने की शुरुआत की गई है। इस नवीन पहल अंतर्गत जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि बलात्संग की पीड़िता को मेडिकल प्रपत्र भरकर मेडिकल परीक्षण कराने के अतिरिक्त पीड़िता को अन्य आवश्यक चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई जाये एवं अलग से काउंसलिंग कर उनकी प्रत्येक समस्या को जानकर उनके मनोभाव में बैठे डर को दूर किया जाये। इसके अतिरिक्त पीड़िता के माता-पिता की भी काउंसलिंग कर उनको समझाइश दी जाये कि ऐसा सदस्य जिसके साथ में बलात्संग की घटना घटित हुई है, उनके साथ अच्छा व्यवहार रखे, उन्हें मानसिक रुप से प्रताड़ित न करें ताकि उनके साथ हुई घटना एवं मानसिक प्रताड़ना से परेशान होकर वह आत्महत्या जैसे अवांछनीय कदम न उठायें।

**जन चेतना शिविर की हुई शुरूआत**

पुलिस अधीक्षक द्वारा नवीन पहल करते हुए 4 मई को जन चेतना परामर्श शिविर की शुरुआत की गई है। जन चेतना परामर्श शिविर में प्रत्येक शनिवार को ऐसे प्रकरणों को रखा जाता है, जिसमें पत्नियों को उनके पति द्वारा छोड़ दिया जाता है, उन्हें भरण पोषण नहीं दिया जाता है, उन्हें घर से मारपीट करके निकाल दिया जाता है, घर में हिस्सा नहीं दिया जाता। ऐसे सभी प्रकरणों जिनमें काउंसलिंग की विशेष आवश्यकता होती है, उनमें वरिष्ठ सलाहकारों एवं काउंसलरों की उपस्थिति में उनकी समस्याओं को सुनकर उनका त्वरित समाधान कराया गया है। अभी तक की स्थिति में 100 से अधिक प्रकरणों में पति-पत्नि के मध्य की दूरियों को कम करते हुए उनका आपसी सुलह समझौता कराया गया है।

**आपका थाना आपके गांव विशेष अभियान की शुरूआत**

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में समस्त राजपत्रित अधिकारी पुलिस समस्त थाना/चौकी प्रभारियो को निर्देशित किया गया है की थाना क्षेत्रों में जमीन संबंधी समस्याओं का समाधान क्षेत्र के तहसीलदार, पटवारी की सहायता से समाधान किया जाये। वर्तमान समय में जिले में जमीन संबंधी शिकायतें अत्यधिक प्राप्त हो रही है जिससे आपसी विवाद में लड़ाई एवं झगडे तथा कोई बड़ी जन हानि न हो जाये जिनको ध्यान में रखते हुये पुलिस अधीक्षक द्वारा विशेष अभियान चलाया जा कर जमीन संबंधी समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। जिसमें अभी तक जमीन संबंधित लगभग 115 शिकायतों का निराकरण किया गया।

**गुम एवं खोजे गये बालक/बालिका**

विगत 6 माह की स्थिति पर यदि नजर डाले तो जिले में उक्त अवधि में 20 बालक एवं 104 बालिकायें कुल 124 बालक/बालिकाओं की गुमसुदगी रिपार्ट दर्ज हुई है। जिनमें से 15 बालक एवं 87 बालिकायें कुल 102 बालक बालिकाओं को दस्तयाब कर उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। एसपी ने अपने इस कम समय के कार्यकाल में 102 बालक/ बालिकाओं को उनके परिजनों तक पहुँचाकर उनमें एक नई ऊर्जा का संचार किया है। बालक बालिकाओं की दस्तयाबी 82.25 प्रतिशत रही है। शेष बालक/बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु प्रत्येक थाने में टीम गठित की गई है, जिन्हें सभी की दस्यताबी के लिए विस्तृत निर्देश दिये गए हैं। जल्दी ही शेष को भी दस्तयाब कर लिया जाएगा।

**हत्या के सभी आरोपियों को किया जा चुका है गिरफ्तार**

विगत 6 माह की अवधि में सिंगरौली में कुल 18 हत्या की घटनाये घटित हुई है। सभी 18 प्रकरणों में आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। इस दौरान 4 अंधी हत्या का खुलासा भी पुलिस अधीक्षक के कुशल नेतृत्व में किया गया है। एसपी श्रीममी गुप्ता द्वारा गंभीर घटनायें घटित होने की सूचना प्राप्त होते ही अविलंब मौके पर पहुँचकर घटनास्थल का पर्यवेक्षण कर विवेचकों को दिशा निर्देश दिए गए हैं। साथ ही चिन्हित जघन्य सनसनीखेज के प्रकरणों की सतत् मॉनीटरिंग कर न्यायालय के समक्ष साक्षियों एवं गवाहों को साक्ष्य हेतु पेश कराया गया। जिसके परिणामस्वरुप न्यायालय द्वारा 10 जघन्य सनसनीखेज अपराधों में आरोपियों को आजीवन कारावास एवं अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। साथ ही अलग-अलग थानों में 15 हिस्ट्रीशीट एवं 4 गुण्डा फाईल खोली गई हैं। इस अवधि में पुलिस द्वारा 25 अपराधियों के विरुद्ध जिला बदर की कार्यवाही की गई है एवं 2 अपराधियों के विरुद्ध प्रकरण राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम की कार्यवाही की गई है।

**अवैध मादक पदार्थ के विरूद्ध कार्यवाही**

विगत 6 माह के दौरान मादक पदार्थ के विरूद्ध 58 प्रकरणों में कार्यवाही करते हुये 33.143 कि.ग्राम गांजा, 158 बाटल प्रतिबंधित सिरप एवं 51.26 ग्राम स्मैक हेरोईन कीमती 1038320 रूपये का मादक पदार्थ तथा 5 मोटर सायकल तथा 49350 रूपये नगदी जप्त किये गये है। साथ ही अवैध शराब के विरूद्ध कुल 1256 प्रकरणों में 1268 आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये कुल 15657.310 लीटर अवैध शराब कीमती 2224484 रूपये की जप्त की गई है। वहीं अवैध उत्खनन के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए कुल 69 प्रकरणों में 60 ट्रैक्टर मय ट्राली में रेत, 3 टिपर रेत,1 हाईवा रेत, 3 ट्रेलर कोयला एवं 2 हाइवा गिट्टी जप्त किया गया है। वहीं विगत 6 माह के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 17114 वाहन चालकों के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही की जाकर 7421900 रूपये का शमन शुल्क वसूला गया।

# पैसे नहीं देने से 108 एंबुलेंस के पायलट ने मरीज को बीच रास्ते मे उतारा

### सोशल मीडिया पर वीडियो हो रहा वायरल

### मरीजों के परिजनों से एक हजार रुपए कि की थी मांग



**सिंगरौली।** मध्य प्रदेश सरकार ने लोगों की सुविधा के लिए नि:शुल्क 108 एंबुलेंस प्रदेश भर में उपलब्ध कराई हैं। इस एंबुलेंस के माध्यम से किसी भी गंभीर मरीज को अस्पताल तक लाया जा सकता है और ठीक होने पर वापस उनके घर तक पहुंचाया जाएगा। लेकिन इन दिनों सरकार की इस एंबुलेंस की फ्री सेवा अब पेड सेवा में तब्दील होती दिख रही है। ऐसा ही एक वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है, जिससे सरकार की नि: शुल्क सरकारी एंबुलेंस पर सवाल खड़े हो रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो सिंगरौली जिले का है, जहां सरई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक महिला इलाज के लिए अस्पताल आई थी। महिला की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला ट्रामा सेंटर बैढ़न में रेफर कर दिया गया था। रेफर के बाद 108 एंबुलेंस के द्वारा बैढ़न ले जाते समय एंबुलेंस ने रास्ते में गाड़ी रोक दी और एंबुलेंस के कर्मचारी व पायलट ने मरीज के परिजनों से पैसे की मांग की। मरीज के परिजनों ने कहा कि सरकार की यह सरकारी एंबुलेंस मरीजों की सेवा के लिए नि:शुल्क है, फिर हम पैसे क्यों दें। पैसे नहीं देने पर पायलट ने मरीज को एंबुलेंस से नीचे उतार दिया और एंबुलेंस लेकर वापस चला गया। इसके बाद मरीज को परिजन निजी वाहन से अस्पताल ले गए और भर्ती कराया। यह वायरल वीडियो एक दिन पहले का बताया जा रहा है। फिलहाल वीडियो सामने आने के बाद अब स्वास्थ्य विभाग की किरकिरी होने लगी है।

**एंबुलेंस पायलट ने मरीज के परिजनों से मांगा 1000 रुपये**

जिले के सरई थाना क्षेत्र के साजापानी गांव निवासी विजय कुमार ने बताया कि वह अपनी पत्नी को इलाज के लिए सरई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया था। जहां डॉक्टर ने महिला की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। मरीज को जिला अस्पताल तक ले जाने के लिए डॉक्टर ने एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराई। सरकारी एंबुलेंस से मरीज को अस्पताल तक ले जाने के लिए एंबुलेंस में बैठाया गया। जैसे ही एंबुलेंस चालक एक किलोमीटर दूर पहुंचा, तो मरीज के परिजनों से 1000 रुपये की मांग करने लगा। रुपये न देने पर चालक ने एंबुलेंस से मरीज को बाहर उतार दिया और बीच रास्ते में छोड़कर वापस चला गया। मरीज के परिजनों ने इस घटना का वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो सामने आने के बाद अब सरकार की निरूशुल्क सरकारी एंबुलेंस सेवा पर सवाल खड़े हो गए हैं। वहीं इस मामले की जानकरी जब सीमएचओ से लेने की कोशिश की गयी तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

# संस्कार वैली इंटरनेशनल स्कूल में मना शिक्षक दिवस



**सिंगरौली।** संस्कार वैली इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षक दिवस के उपलक्ष में इंटरनेशनल संस्था लायंस क्लब ऑफ वैढ़न सिटी व स्कूल के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षक दिवस शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । जिसमे छात्र शिक्षक व क्लब के सभी सदस्य उपस्थित रहे। विद्यालय में इस दौरान सबसे पहले देश के पहले उप राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के फोटो पर माल्यार्पण कर व पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया । इस दौरान छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए डायरेक्टर सुरेंद्र कुमार सोनी ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आजाद भारत के पहले उपराष्ट्रपति और दूसरे राष्ट्रपति के तौर पर डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का नाम भारतीय इतिहास में स्वर्ण अक्षरों से लिखा गया है। वे दर्शनशास्त्र का भी बहुत ज्ञान रखते थे। उन्होंने भारतीय दर्शनशास्त्र में पश्चिमी सोच की शुरुवात की थी। राधाकृष्णन प्रसिद्ध शिक्षक भी थे, यही वजह है, उनकी याद में हर वर्ष 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। उसके बाद सभी छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। उसके बाद लायंस क्लब ऑफ वैढ़न सिटी ने व् बच्चों ने शिक्षकों को उपहार देकर सम्मानित किया। साथ ही लायंस क्लब ऑफ वैढ़न सिटी के अध्यक्ष लायन विकाश गोयंका, एमजेएफ लायन यस डी सिंह, एमजेएफ लायन डी के मिश्रा व डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी लायन सजन अग्रवाल ने शिक्षक दिवस पर प्रकाश डालते हुए सभी शिक्षकों को शिक्षक शिवस की शुभकामना देते हुए कहा की सभी शिक्षक देश के नन्हे बच्चो के भविष्य निर्माता है और आज की डिजिटल और आधुनिक शिक्षा के साथ हमारी भारतीय संस्कृति, संस्कार व् विरासत को इन बच्चो को सिखाये जिससे ये अपने उज्जवल भविष्य के साथ परिवार, समाज और देश की प्रगति की प्रगति करे और अच्छे नागरिक बन सके। विद्यालय के बच्चो ने सभी अतिथियों का स्वागत बहुत ही धूम धाम से किया। आज सभी बच्चे शिक्षक बनकर आये थे और कक्षाओं को व्यवस्थित किया। कार्यक्रम का सफल सञ्चालन एचओडी प्रियंका श्रीवास्तव ने किया। अंत में प्रिंसिपल आशा सोनी ने लायंस क्लब ऑफ वैढन सिटी के सभी सदस्यों का इस तरह के बेहतरीन शिक्षक दिवस व् शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम के आयोजन के लिए ह्रदय से आभार किया और हमेशा मार्गदर्शन व् सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

# गाय के बछिया को एक्सीडेंट करने वाला कार चालक गिरफ्तार



**सिंगरौली।** कोतवाली पुलिस ने गाय के बछिया को एक्सीडेंट करने वाले कार चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कोतवाल अशोक सिंह परिहार ने जानकारी देते हुए बताया कि 5 सितंबर की रात्रि करीबन 9 बजे बलियरी रोड वैढ़न मे अज्ञात कार चालक द्वारा जान बूझकर पालतू पशु बछिया के उपर कार चढ़ाकर दुर्घटना की गई। जिससे बछिया गंभीर रूप से घायल हो गई। उक्त बछिया को एनजीओ के कर्मचारियो द्वारा उपचार कराया गया। उक्त घटना की रिपोर्ट नितिन पाण्डेय द्वारा कोतवाली मे दर्ज कराने पर धारा मप्र गौवंश बध प्रतिषेध अधिनियम 2004 की धारा 4/9 कायम कर विवेचना मे लिया गया। जहां कार चालक आरोपी मोहम्मद वाहिद खान पिता कलीमुल्ला खान निवासी बलियरी के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त बलैनो कार क्रमांक एमपी 66 सी 9283 को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। उक्त कार्यवाही में निरी.अशोक सिंह परिहार,उनि रूपा अग्निहोत्री, प्रआर सूर्यभान, जितेन्द्र सेंगर, शकुन्तला यादव,आर.अभिमन्यू उपाध्याय की भूमिका रही।

# गन्नई में ट्रैक्टर से हुए हत्या का फरार आरोपी गिरफ्तार



**सिंगरौली।** सरई थाना क्षेत्र के बरका चौकी अंतर्गत गन्नई में अभी हाल में रेत कारोबारियों ने एक आदिवासी युवक को मारपीट करने के बाद ट्रैक्टर से कूचल कर हत्या कर दी गई थी। जहां इस मामले में सरकार की खूब किरकिरी हुई। जिसके बाद जिला व पुलिस प्रशासन हरकत में आई और मामला कायम करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। वहीं घटना का एक आरोपी फरार था,जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार 1 सितंबर को ट्रैक्टर चालक लाले कोल एवं आशीष वैश्य व उसके अन्य साथियो द्वारा इन्द्रपाल अगरिया के साथ खेत से बालू लोड करने से मना करने पर मृतक के साथ मारपीट की गई थी एवं तेज गति से ट्रैक्टर चलाते हुए इन्दपाल अगरिया के ऊपर ट्रेक्टर चढा दिया था जिससे इन्दपाल अगरिया की मृत्यु हो गई थी। आरोपीगण का उक्त कृत्य विभिन्न धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। जिस पर थाना सरई पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए आरोपी ट्रैक्टर चालक लाले कोल को गिरफ्तार कर लिया गया था एवं घटना का एक अन्य आरोपी आशीष वैश्य घटना दिनांक से ही फरार था। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

बताया गया कि घटना करने के पश्चात आरोपी आशीष वैश्य मौके से फरार था। पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता के निर्देश पर में दो टीमो का गठन किया गया। जिन्होने आरोपी के संभावित छिपने की जगहो पर लगातार दबिश दी। जिसे आज दिनांक 8 सितंबर को शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज पंचौर मुख्य गेट के पास अभिरक्षा मे लिया गया। जिसे घटना के सम्बध में पूछताछ के लिए उप पुलिस अधीक्षक केके पाण्डेय द्वारा मौके पर पहुंचकर आरोपी आशीष बैस को अपने अभिरक्षा में लेकर घटना के सम्बध में पूछताछ करते हुए गिरफ्तार कर विशेष न्यायाधीश बैढन के समक्ष पेश किया गया ।उक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक सूरज सिंह, उप निरीक्षक विनय सिंह, उप निरीक्षक बालेन्द्र त्यागी, उप निरीक्षक प्रियंका बघेल, सउनि जेपी वर्मा, प्रआर नीरज सिंह, आरोकेंद्र सिंह, बबलू यादव, ओमप्रकाश, आरीरज कुमार,आर ालक राजेश बरडे की भूमिका रही।

# खम्हरिया वन भूमि में अवैध अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन



**सिंगरौली।** बगदरा अभ्यारण के जंगल चौकी विट खम्हरिया के वन भूमि पी 74,75,76 में हुए अवैध अतिक्रमण को हटाने को लेकर ग्रामीणों ने वन परिक्षेत्र अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। बताते चले कि सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने वन परिक्षेत्र अधिकारी संजय टाइगर रिजर्व सीधी सिंगरौली को बताया है कि जंगल चौकी विट खम्हरिया के वन भूमि पी 74,75,76 की भूमि पर अवैध रूप से हजारों हेक्टेयर भूमि पर अवैध कब्जा किया गया है,जिसमे मकान निर्माण व पेड़ों को काटकर खेती की जा रही है जिससे वन्य प्राणी विलुप्त हो रहे हैं और पर्यावरण प्रदूषण बढ़ रहा है। जिसको लेकर आज पांच सैकड़ा से अधिक ग्रामीणों ने बैठक कर जंगल को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए वन परिक्षेत्र अधिकारी बगदरा अभ्यारण को ज्ञापन सौंपा गया। जिस पर तत्काल वन परिक्षेत्र अधिकारी द्वारा मौके पर अवैध अतिक्रमण वन भूमि का मुयाना किया गया और पाया गया की हजारों हेक्टेयर भूमि पर अवैध अतिक्रमण है जिसको हटवाने को लेकर वन परिक्षेत्र अधिकारी द्वारा आश्वाशन दिया गया है । इस दौरान ग्रामीणों ने वन परिक्षेत्र अधिकारी को कहा है कि अगर सात दिवस के अंदर वनभूमि का अतिक्रमण नही हटाया गया तो हम लोग वन परिक्षेत्र अधिकारी कार्यालय बगदरा का घेराव करेंगे। जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन एवं वन विभाग की होगी। इस दौरान हजारों की संख्या में ग्रामीणो उपस्थित रहे।

# मॉडल रोड की गारंटी अवधि हुई समाप्त,गढ्ढो में तब्दील हुई शहर की सड़क

## शहर के गढ्ढों में अधिकारी से लेकर नेता तक खाते रहेंगे झटके, सड़क को दुरुस्त होने में लगेगा वक्त

**सिंगरौली।** शहर में मॉडल रोड के गड्ढों में अभी लोगों को झटके खाने पड़ेंगे। क्योंकि नगर निगम ने इस सडक् को गड्ढों से मुक्त करने के लिए कायाकल्प योजना में शामिल नहीं किया है। अभी इस सड़क के लिए निगम की ओर से कोई योजना भी नहीं बनाई गई है। जाहिर सी बात है कि सड़क के गड्ढों को दुरुस्त होने में अभी वक्त लगेगा। माजन मोड़ से विंध्यनगर इंदिरा चौक तक की फोरलेन सडक् शहर की मॉडल रोड मानी जाती है। बरसात के इस सीजन में ये सडक् छलनी हो गई है। छह किलोमीटर लंबे इस मार्ग में छोटे बड़े मिलाकर एक हजार से अधिक गड्ढे हो गए हैं। सडक् में जगह-जगह कई मीटर तक गिट्टी उखडकर सडक् पर फैल गई है। रिलांयस चौराहा हो या फिर जिला न्यायालय के सामने या फिर ढोंटी तालाब सहित कई अन्य



लोकेशन में कई ऐसे गड्ढे हो गए हैं, जो कभी भी बड़ी दुर्घटना का सबब बन सकते हैं। जिला प्रशासन से लेकर नगर निगम तक के अधिकारी वस्तुस्थिति से वाकिफ हैं। इसके बावजूद चुप्पी साधे बैठे हैं। आप को बता दे कि शहर की प्रमुख सड़क मॉडल रोड हो या फिर निगाही परसौना मार्ग हो या फिर जयंत मार्ग सभी सड़कों की हालत जर्जर हो चुकी है। जगह.जगह से उखड़ी सड़कों पर से जब वाहन निकलते हैं तो इतनी धूल उड़ती है कि सड़क पर चलने वाले लोग धूल से सराबोर हो जाते हैं। इसके अलावा छोटे वाहनों को समझ में नहीं आता है कि वह अपना वाहन कहां से निकालें।

मॉडल रोड हो या अन्य गली मोहल्लों की सड़के हों, ज्यादातर सड़कों का निर्माण नगर निगम द्वारा बरसात के पहले ही कराया गया था। निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान न दिये जाने से ज्यादातर बनी नई सड़कें पहली बरसात में ही उखड़ गई। शहर के लोगों को न चाहते हुए भी ऊबड़.खाबड़ सड़कों पर चलना पड़ रहा है। अभी बरसात का क्रम जारी रहेगा लिहाजा खराब हुई सड़कों का बनना भी असंभव लग रहा है। यानी श्रीगणेश उत्सव लोगों को बदहाल सड़कों पर चलकर ही मनाना पड़ेगा।

**2020 में बनी सड़क में गड्ढे ही गड्ढे**

माजन मोड़ से विंध्यनगर इंदिरा चौक तक बनी पूरी मॉडल रोड में जगह-जगह गड्ढे हो गये हैं। फोर लेन की मॉडल रोड का निर्माण कार्य वर्ष 2020 में पूरा किया गया है। करीब 4 करोड़ की लागत से बनी ये सडक् अभी गारंटी अवधि में है। इसके बावजूद नगर निगम के अधिकारी संविदाकार से सडक् को दुरुस्त कराने की जरूरत नहीं समझ रहे हैं। अधिकारियों की ओर से संविदाकार पर दरियादिली दिखाते हुए गारंटी अवधि पूर्ण होने का इंतजार किया जा रहा है।

**अधिकारी से लेकर नेता तक खा रहे झटके**

शहर के इस मॉडल रोड में आमलोगों से लेकर खास लोग तक झटके खा रहे हैं। जिला प्रशासन से लेकर पुलिस व नगर निगम तक के अधिकारी हर रोज इसी मार्ग से आते हैं। ज्यादातर अधिकारी एनटीपीसी विंध्यनगर परिसर में रहते हैं और वहां से वैढन में कार्यालयों तक इसी मार्ग से आना और जाना पड़ता है। इसके बावजूद रोड की दुर्दशा पर गौर नहीं फरमाया जा रहा है।

**वाहन चालक हो रहे हादसों के शिकार**

निगाही जयंत मार्ग का निर्माण जुलाई माह में कराना शुरु किया गया था। सड़क जब बन रही थी, तभी बरसात शुरु हो गई,जिससे निर्माण कार्य आधा ही रह गया। इस मार्ग पर कुछ जगहों पर इतने बड़े बड़े गड्ढे हो गये हैं कि वाहन चालक हादसे का शिकार हो रहे हैं। हैरानी इस बात की है कि जब सड़क की मरम्मत करानी ही थी तो बरसात के पहले करा ली जाती। जुलाई माह में किस हिसाब से सड़क का निर्माण शुरु कराया गया। इसी तरह से माजन मोड़ से परसौना मार्ग में कुछ जगहों पर जानलेवा गड्ढे हैंए जिसमें फंसकर दोपहिया और छोटे चारपहिया वाहन चालक हादसे का शिकार हो रहे हैं।

**इनका कहना है**

*इस संबंध जब आयुक्त से जानकरी ली गई तो उन्होंने बताया कि इस सडक् की गारंटी अवधि समाप्त हो चुकी है। बारिश रुकने के बाद इसको दुरुस्त करने की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी जाएगी। और नए सिरे से मॉडल रोड को दुरुस्त कराया जायेगा।*

**डीके शर्मा,आयुक्त ननि**

# बच्चों को विद्यालयों में दी जाए रोजगारोन्मुखी शिक्षा : विश्वामित्र

## मानस भवन में सेवानिवृत्त शिक्षकों का हुआ सम्मान समारोह



**सीधी।** प्रायवेट स्कूल एशोसिएशन द्वारा मानस भवन में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान समारोह किया गया है। इस दौरान मुख्य अतिथि बतौर सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक ने कहा कि बच्चों को विद्यालय में रोजगारोन्मुखी शिक्षा देने की जरूरत है। उन्होने कहा कि खुशी इस बात की है कि जिन्होंने हमें शिक्षा ग्रहण कराया आज हम उन्हीं का सम्मान कर रहे हैं। इस दौरान स्कूली बच्चों द्वारा आगंतुकों का स्वागत गीत के माध्यम से किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विश्वामित्र पाठक ने आगे कहा कि अंधकार में रोशनी जलाने का काम शिक्षक का होता है। ऐसे गुरुजनों का सम्मान करना सभी का दायित्व होता है। उन्होने कार्यक्रम के आयोजक एवं अध्यक्ष डॉ. अजय मिश्रा की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह का कार्यक्रम का आयोजन कर शिक्षकों का सम्मान कराना बड़ी बात है। गुरुजनों का सम्मान होना चाहिए। पूरे जीवन काल तक शिक्षा में जिन्होने नौनिहालों को गढने के काम से लेकर उच्च शिक्षा तक देते हैं। उनका सम्मान जरूरी रहता है। हम तो यह मानते हैं कि रोजगारोन्मुखी शिक्षा की जरूरत है। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्षता कर रहीं जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू रामजी सिंह ने कहा कि शिक्षक का बड़ा दायित्व होता है कि वह दीपक की तरह होते हैं जो ज्ञान की रोशनी देते हैं। वहीं वरिष्ट प्राध्यापक संजय गांधी विद्यालय सीधी के सेवानिवृत्त डॉ. लहरी सिंह ने भी अपना विचार रखा। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से पूर्व शिक्षा अधिकारी आरपी तिवारी, हाल ही में सेवानिवृत्त बीईओ लक्ष्मीकांत शर्मा सहित प्रायवेट विद्यालय के डायरेक्टरों, प्राचार्य, शिक्षकों सहित अभिभावक एवं बच्चों की काफी संख्या में उपस्थिती रही। वहीं कार्यक्रम का संचालन एशोसिएशन के संरक्षक डॉ. राजकरण शुक्ल द्वारा किया गया। वहीं एशोसिएशन के सचिव विंध्या एकेडमी के डायरेक्टर बालेन्द्र मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### हिंदी माध्यम से शिक्षा को बढ़ावा देने की जरूरत: नीरज

कार्यक्रम में प्रायवेट स्कूल एशोसिएशन के संरक्षक एवं श्रीगणेश हायर सेकेण्ड्री स्कूल अमहा तथा पड़रा के डायरेक्टर नीरज शर्मा ने कहा कि 7 वर्ष पूर्व इस एशोसिएशन का गठन हुआ था। आज दो संगठन बने हैं लेकिन विचारधारा अलग है परंतु हमारी ताकत एक अलग पहचान बनाएगी। हम बेहतर काम करेंगें। संगठन ही हमारी ताकत है। शिक्षा व्यवस्था मजबूत होगी तो सभी मजबूत होंगे। उन्होने कहा कि इच्छाशक्ति होनी चाहिए। हम तो यह मानते हैं कि हिंदी में शिक्षा को बढ़ावा मिले जिससे बच्चों में अच्छी सीख मिलेगी।

### शिक्षकों के हितों के लिए संघ कर रहा काम: डॉ. अजय

सेवानिवृत्त शिक्षक के सम्मान कार्यक्रम के सूत्रधार रहे प्रायवेट स्कूल एशोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अजय मिश्रा ने कहा कि यह संगठन वर्ष 2019 में विधिवत पंजीयन कराकर संचालन कर रही है। जिसमें कि शैक्षणिक रवैया एवं शिक्षकों का पालन सभी स्कूलें कर रही हैं। शिक्षकों के हितों के लिए यह संगठन काम करता है। आगामी दिनों में राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन भी किया जाएगा।

# रॉयल पब्लिक स्कूल चुरहट में शिक्षाविदों का हुआ सम्मान



**सीधी।** शिक्षक दिवस पर रॉयल पब्लिक हायर सेकेण्ड्री स्कूल चुरहट में शिक्षाविदों का सम्मान किया गया। जहां कि अव्वल स्थान एवं राष्ट्रीय एक्सीलेंस पुरस्कार से सम्मानित विद्यालय सीधी जिले के चुरहट स्थित रॉयल पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल के संचालक राजेश गुप्ता के द्वारा की गई एक सुंदर पहल, जिसमें निरंतर शिक्षा जगत में श्रेष्ठ कार्य करने के लिए समर्पित अभिरुचि रखने वाले भारतीय संस्कृति के अनुसार वंदनीय जेष्ठ श्रेष्ठ गुरु जनों एवं समस्त शिक्षकों के सम्मान के रीती को पुनर्जीवित कर चुरहट के समस्त विद्यालयों में कार्यरत विषय विशेषज्ञ मर्मज्ञ विद्वान विद्यायुक्त गुरुजनों का सम्मान तिलक लगाकर सोल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह और मिठाइयां देकर राजेश गुप्ता के द्वारा राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के महान अवसर पर शुभकामनाओं सहित किया गया। यह एक उदाहरणर्थ है कि किस प्रकार से छात्रों को अपने शिक्षक के प्रति सम्मान रखना चाहिए एवं यथासंभव उनके अभिनंदन हेतु अग्रसर रहना चाहिए। शिक्षक का स्थान समूचे विश्व में माता-पिता से भी सर्वोपरि है जन्म उपरांत वह शिक्षक ही है जो बालक के तिमिर का नस कर उसके जीवन में प्रकाश को प्रज्वलित करता है। अंधकार से प्रकाश की ओर शून्य से शिखर की ओर बढ़ाने का कार्य शिक्षक का है। ऐसा रॉयल स्कूल संचालक राजेश गुप्ता का कहना है और उन्होंने यह भी कहा की समाज में अगर हमें सम्मान पाने की अपेक्षा है तो हमें सम्मान देने का भी प्रचलन लाना आवश्यक है। बात करें अगर संचालक राजेश गुप्ता की तो शिक्षा जगत में चुरहट जैसे एक छोटे से शहर में यह हमेशा अपने कार्य के कुशलता के लिए ही जाने जाते रहे हैं एवं निरंतर एक अनोखी पहल एवं श्रेष्ठ कार्यों के द्वारा अपने विद्यालय एवं शिक्षा जगत को ऊंचाई देने का प्रयास निरंतर इनके द्वारा किया जाता रहा है और दिन गुरुवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर उनके द्वारा सुबह से ही शिक्षाविदों का सम्मान करने का कार्य प्रारंभ किया गया जिसमें उनके साथ विद्यालय के एक्टिविटी इंचार्ज दीपक सिंह एवं शिक्षक अभिषेक कुशवाहा, अमृतलाल पाण्डेय भी साथ-साथ मौजूद रहे।

# जिला चिकित्सालय में फिजियोथेरेपी कैम्प का आयोजन आज




**सीधी।** राष्ट्रीय वृद्धाजन स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम अंतर्गत विश्व फिजियोथेरपी दिवस के अवसर पर फिजियोथेरेपी कैम्प का आयोजन 9 सितम्बर को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक जिला चिकित्सालय सीधी के ओपीडी कक्ष क्रमांक 6 में किया गया है। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. दीपारानी इसरानी ने आदेश जारी कर कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु अधिकारियों/कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जारी आदेशानुसार डॉ. पंकज तिवारी चिकित्सा अधिकारी/ नोडल अधिकारी, डॉ. अविनाश जॉन धार्वे पी.जी.एम.ओ. मेडिसिन, डॉ. अरविन्द सोनी पी.जी.एम.ओ. अस्थि रोग, डॉ. हिमेश पाठक पी.जी.एम.ओ. नाक, कान, गला रोग, डॉ. रवि शंकर पटेल पी.जी.एम.ओ. मानसिक रोग, डॉ. तेजस्वनी उइके फिजियोथेरिपी चिकित्सक, श्रीमती मोनिका तिवारी नर्सिंग ऑफिसर एवं सन्जू बैन लैब टेक्नीशियन की ड्यूटी लगाई गई है। संबंधित चिकित्सकों को आयोजित कैम्प में आये हुए वृद्धजन का परीक्षण एवं उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिले के वृद्धजनों से शिविर का लाभ लेने की अपील की गई है।

# जेनेरेटिक दवाइयों को लेकर निकली मोगली पलटन की सायकल रैली

सीधी



जेनेरिक दवाओं के प्रति जन जागरूकता के उद्देश्य से ऋषिकेश फाउण्डेशन की बाल सेना मोगली पलटन द्वारा रविवार को कछुआ चाल साइकल रैली आयोजित की गयी। ऋषिकेश फाउण्डेशन के प्रवक्ता सचिन पाण्डेय ने बताया कि जेनेरिक दवाओं के प्रति जन विश्वास पैदा करने के लिए मिशन रामबाण चलाया जा रहा है। इस मिशन के अंतर्गत साइकल रैली, पोस्टर मेकिंग, सेमिनार, वाद-विवाद, निबंध लेखन आदि कार्यक्रम लगातार छह माह से जारी हैं। इस तारतम्य में ये छठवीं साइकल रैली थी। आम तौर पर सभी दवाएं एक तरह का केमिकल सॉल्ट होती हैं। जेनेरिक दवा जिस सॉल्ट से बनी होती है। उसी के नाम से जानी जाती है। जैसे दर्द और बुखार में काम आने वाले पैरासिटामोल सॉल्ट को कोई कंपनी इसी नाम से बेचे तो उसे जेनेरिक दवा कहेंगे। वहीं, जब इसे किसी ब्रांड जैसे क्रोसिन के नाम से बेचा जाता है तो यह उस कंपनी की ब्रांडेड दवा कहलाती है। चौंकाने वाली बात यह है कि सर्दी-खांसी, बुखार और बदन दर्द जैसी रोजमर्रा की तकलीफों के लिए जेनरिक दवा महज 10 पैसे से लेकर डेढ़ रुपए प्रति टैबलेट तक में उपलब्ध है। ब्रांडेड में यही दवा डेढ़ रुपए से लेकर 35 रुपए तक पहुंच जाती है। बाजार में जेनरिक दवाओं के प्रयोग को लेकर कई तरह के मिथक और टैबू मौजूद हैं। इनमें एक आम धारणा यह है कि जेनरिक दवाईयां असरदार नहीं होती हैं। ये दवाईयों असर करने में काफी समय लेती हैं इनके निर्माण में घटिया मेटेरियल लगाया जाता है और ये सुरक्षित नहीं हैं। हालांकि ये सभी धारणाएं गलत और बेबुनियादी साबित हो चुकी हैं। जेनरिक दवाईयां पूरी तरह से सुरक्षित, कारगर, सभी की पहुंच में और किफायती हैं। सचिन पाण्डेय ने कहा है कि ऋषिकेश फाउण्डेशन ब्रांडेड दवाओं में आम जन की गाढ़ी कमाई लुटने से बचाने को प्रतिबद्ध है।

# विद्युत पेंसनर्श की मासिक बैठक कल

**सीधी।** सीधी जिले के सभी विद्युत पेंशनर साथियों से अपील की गई है कि पूर्व निर्णय के अनुसार दिनांक 10 सितंबर को संघ की मासिक बैठक 12 बजे कैंपिंग हाउस नया बस स्टैंड के पास आयोजित की गई है। सभी साथियों से अनुरोध किया गया है कि जिन पेंशनर साथियों की उम्र 79 वर्ष पूर्ण हो चुकी है एवं 80 वर्ष में प्रवेश कर चुके हैं। 30 जून को जो सेवा निवृत्त हुए हैं एवं जिन साथियों ने पेंशन बेच दिया था यह कॉम्यूटेशन कर दिया था तथा जिनकी कटौती 12 वर्ष पूर्ण हो चुकी है। अपना पेंशन पर आदेश एवं पेंशन आदेश की प्रतिलिपि लेकर उपस्थित हो गए इसके अतिरिक्त जो भी समस्याएं हो उसकी भी जानकारी लेकर उपस्थित हो गए तथा आपको यह भी अवगत कराया जाता है कि सीधी जिले में विद्युत पेंशनरों का 70 वर्षीय सम्मान किया जाना है, जिसके लिए अगली तिथि भी निर्धारित करना है उसके लिए तैयारी भी करना है। इसके बारे में भी चर्चा होनी है। यह सम्मान विद्युत कंपनी के अधिकारी एवं जिले के अधिकारियों के माध्यम से किया जाना है। जिसमें आपकी राय लिया जाना अति आवश्यक है। कृपया आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। 70 वर्षी पेंशनर साथियों की सूची भी तैयार की जा चुकी है उसका भी आकलन करना है इसलिए अपनी उपस्थिति बैठक में जरूर देने की कस्ट करें। 30 जून को जो कर्मचारी सेवा निवृत्त हुए थे जिनके प्रकरण कार्यपालन अभियंता सिद्धि के यहां जमा किए गए थे उनके सभी के आदेश हो चुके हैं। इसके साथ ही साथ उनकी पेंशन भी पुनरीक्षित हो चुकी है जिनकी संख्या लगभग 27 है। सभी पेंशनर्स साथियों से अनुरोध किया गया है कि अपनी उपस्थिति अति आवश्यक रूप से दर्ज करावे ताकि पेंशन पे आदेश पुनरीक्षित कराया जा सके। जिसके लिए आप अपना आधार कार्ड पैन कार्ड बैंक की पासबुक की छाया प्रति के साथ अपनी दो फोटो भी लेकर आवे।

## सुशील उपाध्याय अधिवक्ता परिषद के जिला उपाध्यक्ष मनोनीत



**सीधी।** जिला न्यायालय सीधी के वरिष्ठ अधिवक्ता श्री सुशील उपाध्याय जी को अधिवक्ता परिषद का उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उनका मनोनयन अधिवक्ता परिषद के प्रदेश अध्यक्ष श्री रमेश पटेल जी की सहमति एवं मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ के संगठन मंत्री श्री विक्रम दुबे की अनुशंसा पर किया गया है। प्रदेश नेतृत्व के निर्देशन पर 7 सितंबर को अधिवक्ता परिषद के स्थापना दिवस पर जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र शुक्ला द्वारा उनकी घोषणा की गई है। घोषणा उपरांत एडवोकेट सुशील उपाध्याय जी ने कहा कि परिषद ने जिस मंशा से हमें दायित्व सौपा है मैं उस पर पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास करूंगा और संगठन को मजबूत करने में पूरा निष्ठा के साथ काम करूंगा। नियुक्ति उपरांत वरिष्ठ अधिवक्ताओं एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी है।

# डॉक्टर बनने का सपना हुआ साकार, शिवेंन्द्र नीट में चयनित



**सीधी।** कहते हैं कि अगर मन में कुछ ठान लिया जाए और अगर आपके मन में लगन है और आप निष्ठा से वह काम कर रहे हैं तो आप उसमें सफलता जरूर प्राप्त कर सकेंगे। ऐसा ही कुछ देखने को मिला है जहां आदिवासी अंचल कुसमी क्षेत्र के रहने वाले साधारण से व्यापारी के बेटे ने अपने मन में डॉक्टर बनने की चाह रखी जहां उसने लगन और मेहनत के दम पर ऑनलाइन क्लासेज के जरिए छोटे से कस्बे में रहकर नीट की परीक्षा को पास कर लिया। जहां अब बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज सागर में सीट उसे मिल गई है। पढ़ाई पढने के बाद उसका सपना पूरा होगा और वह अपने बड़े पापा का इलाज तो नही कर सका पर अन्य मरीजो का इलाज से बंचित नही होने देगा।

### बड़े पिताजी मानसिक रोग से थे ग्रस्त

शिवेंद्र गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया है कि उनके बड़े पिताजी मानसिक रोग की बीमारी से ग्रस्त थे। उनके घर की स्थिति उतनी अच्छी नहीं थी कि वह बड़ी हॉस्पिटल में जाकर अपने बड़े पिताजी का इलाज करवा पाए। आखिर कार वह स्वर्गवासी हो गये तब उन्होंने स्थिति को देखा और ऑनलाइन क्लासेज के जरिए आखिरकार उन्हें सफलता मिली गई और उन्होंने जुलाई 2024 में आए रिजल्ट में बाजी मार कर सबको चौका दिया। अब वे सर्जन बनने के लिए पढ़ाई पढने के लिए तैयार है।

# गणेश स्कूल में क्ले माडलिग प्रतियोगिता आयोजित



**सीधी।** शनिवार को पावन पर्व गणेश चतुर्थी के अवसर पर श्री गणेश सीनियर सेकेंडरी स्कूल पड़रा में सह-पाठ्यक्रम गतिविधियां सीसीए के अंतर्गत पहली से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए क्ले मॉडलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने अपनी कल्पना, रचनात्मकता और शिल्प कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस मौके पर प्रतिभागियों ने प्राकृतिक मिट्टी का उपयोग करके सुंदर और पर्यावरण के अनुकूल गणेश की मूर्तियां बनाईं। आर्ट टीचर राजकपूर चितेरा ने बताया कि छात्रों ने भगवान श्री गणेश के बेहद ही खूबसूरत मूर्ति-शिल्प कलाकृतियां बनाई। मिट्टी से अपनी कलात्मक कल्पनाओं को आकार देने में उनका उत्साह और आनंद देखना वाकई अद्भुत था। स्कूल के प्राचार्य डॉ. महेंद्र कुमार तिवारी ने बच्चों के द्वारा बनाई गई मूर्ति-शिल्प की सराहना करते हुए कहा कि प्रतियोगिता करवाने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभा को निखारना और कल्पना को बढ़ाना साथ ही पर्यावरण के प्रति उनकी रचनात्मकता और जागरूकता को आकार देना था। कहा कि हमें उनके उत्साह और उनके द्वारा जीवंत की गई अद्भुत रचनाओं पर अविश्वसनीय रूप से गर्व है। इस मौके पर स्कूल की एचएम माएमा सिमन्स, सीसी, इंचार्ज शुभांगना द्विवेदी व संदीप पटेल सीसी को इंचार्ज अर्चना पटेल समेत स्कूल के समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# सुर्खियों में रहने वाले चुरहट प्राचार्य का छिना प्रभार

## अवैध नियुक्ति सहित अन्य मामलों को लेकर संयुक्त संचालक रीवा कर रही है जांच

**सीधी।** अपनी विवादित कार्यशैलियों को लेकर लंबे समय से चर्चित शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चुरहट के प्रभारी प्राचार्य अरुण कुमार पटेल को अंततः कार्यमुक्त कर दिया गया। जिला शिक्षा अधिकारी सीधी द्वारा पदोन्नति के बाद भी चुरहट विद्यालय में जमे प्रभारी प्राचार्य को कार्यमुक्त करने का आदेश जारी कर दिया। दरअसल प्रभारी प्राचार्य के पद पर आते ही अरुण कुमार पटेल सभी नियमों को ताक पर रखकर काम करना शुरू कर दिए थे। उनकी मनमानी पर जो कर्मचारी सहमति जताते थे उन पर मेहरबानी करते थे और शेष पर मनमानी नियमों से परेशान करना शुरू कर दिए थे। उनके मनमानी कार्यों के चलते समूचे संकुल क्षेत्र के शिक्षकों में काफी आक्रोश छाया हुआ था। प्राचार्य द्वारा विद्यालय के लिपिक अभय शंकर मिश्रा के साथ मिलकर मनमानी कार्यों को अंजाम दे रहे थे। हालात यह थे कि प्रभारी प्राचार्य द्वारा अपने भतीजे को लिपिक के पद पर अवैध नियुक्ति किए हुए थे। जबकि उनका भतीजा टाइपिंग उत्तीर्ण नहीं था। इसको लेकर काफी विरोध भी हो रहा था। लेकिन प्रभारी प्राचार्य अपनी मनमानी करने में पूरी तरह से जुटे हुए थे। लिपिक अभय शंकर मिश्रा की पत्नी को भी संकुल के एक विद्यालय में मनमानी तौर पर अतिथि शिक्षक की नियुक्ति दी गई थी। जबकि संकुल में कार्यरत कर्मचारी के रिश्तेदार की नियुक्ति संकुल के किसी भी विद्यालय में अतिथि शिक्षक के पद पर नहीं हो सकती। इस तरह की मनमानियों की शिकायतें लगातार बड़े अधिकारियों तक पहुंच रही थी। फिर भी कोई कार्यवाही न होने से प्रभारी प्राचार्य एवं लिपिक के हौंसले काफी बुलंद थे। अब तो पीड़ित शिक्षिका श्रीमती सीमा सिंह की लिखित शिकायत के बाद संयुक्त संचालक रीवा की टीम भी प्राचार्य के कृत्यों की पूरी जांच करने वाली है।

### शिक्षिका को मनमानी तौर पर किया संलग्न

शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चुरहट के शासकीय माध्यमिक शाला चँदैनिया में पदस्थ शिक्षिका श्रीमती अमृता त्रिपाठी को प्रभारी प्राचार्य अरुण कुमार पटेल द्वारा आदेश क्रमांक 37, दिनांक 14 फरवरी 2024 को संकुल केंद्र के लेखाकक्ष में आयकर विवरण फार्म के संधारण कार्य के नाम पर अग्रिम आदेश तक के लिए संलग्न कर लिया गया। जबकि इस कार्य को करने के लिए विद्यालय में कई कर्मचारी मौजूद थे और यह ऐसा बड़ा कार्य नहीं था कि इसके लिए अलग से कर्मचारी की व्यवस्था बनाई जाए। फिर भी संकुल प्राचार्य द्वारा किसी शिक्षक को उपकृत करने के लिए इस तरह के मनमानी आदेश निकालने का सिलसिला जारी रखा गया था। जबकि शिक्षिका श्रीमती अमृता त्रिपाठी इससे पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय सीधी में आदेश क्रमांक 5263/2023, दिनांक 13 सितंबर 2023 के द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय सीधी में भी संलग्न थीं। उनको जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सहायक शिक्षक से शिक्षक एवं प्राथमिक शिक्षक से माध्यमिक शिक्षक के पद (उच्च पद) के प्रभार का कार्य करने हेतु स्थापना-3 कक्ष में कार्य संधारण के लिए ड्यूटी लगाई गई थी। वहां से कार्यमुक्त होने पर उन्हें चुरहट के प्रभारी प्राचार्य द्वारा अपने विद्यालय में संलग्न कर लिया गया था। जबकि उक्त शिक्षिका शासकीय पूर्व माध्यमिक चँदैनिया में पदस्थ हैं। वहीं जो उनके मनमानी कार्यों से असहमत रहते थे उनको हटाने के लिए हथकंडे अपनाए जाते रहे हैं। इसी क्रम में शिक्षिका श्रीमती सीमा सिंह जो कि 9 वर्षों से हार्ट की बीमारी से पीड़ित हैं उनको मनमानी तौर पर संलग्नीकरण समाप्त कर कार्यमुक्त कर दिया गया।

## संपादकीय

### पुतिन और मध्यस्थता

जब रूस और यूक्रेन भयानक युद्ध की आग में झुलस रहे हों, तब शांति का एक हल्का सा झोंका भी खुशी व उम्मीद से भर देता है। समाचार एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को कहा कि भारत, चीन और ब्राजील संभावित शांति-वार्ता में मध्यस्थ के रूप में काम कर सकते हैं। रूसी राष्ट्रपति ने इस मौके पर यह भी याद दिलाया कि युद्ध के शुरुआती हफ्तों में इस्तांबुल में हुई वार्ता में रूसी और यूक्रेनी वार्ताकारों के बीच एक शुरुआती समझौता हुआ था, जिसे कभी लागू नहीं किया गया, वही छूटा हुआ समझौता आगे शांति-वार्ता के लिए जमीन तैयार कर सकता है। पुतिन अगर वाकई युद्ध से अलग कुछ सोच रहे हैं, तो उनकी प्रशंसा होनी चाहिए। वास्तव में, यह ऐसा युद्ध है, जो मानो दो भाइयों के बीच हो रहा है और इसके नतीजे कभी सुखद नहीं होंगे। अंततः वार्ता की मेज पर अमन-चैन की राह तैयार करनी पड़ेगी, यह समझ जितनी जल्दी जाग जाए, दुनिया के लिए उतना ही अच्छा है। इस युद्ध में हार-जीत बहुत मुश्किल है। रूस हार नहीं सकता और यूक्रेन को अमेरिका हारने नहीं देगा। अब पहला सवाल तो यही उठता है कि क्या वाकई रूस शांति चाहता है? क्या भारत, चीन या ब्राजील को आगे करते हुए पुतिन शांति-वार्ता के लिए लालायित हैं? क्या शांति-वार्ता या मध्यस्थता की चर्चा छेड़ना रूस की युद्ध रणनीति का नतीजा है? पुतिन ने युद्ध में जैसी निर्ममता का परिचय दिया है, उसे जल्दी भुलाया नहीं जा सकता। एक दशक पहले तक उनकी छवि बहुत अच्छी थी, पर धीरे-धीरे उनकी उग्रता बढ़ती गई और दूसरे देशों के प्रति बैर-भाव भी बढ़ता चला गया। साल 2022 से ही युद्ध जारी है और ढाई वर्ष से ज्यादा समय बीत चुका है, अब भी युद्ध का अंत नहीं दिख रहा है, तो इसके लिए सर्वाधिक जिम्मेदारी पुतिन के खाते में ही दर्ज है। पुतिन ने ही पहले हमला किया और कायदे से उन्हें ही पहले हथियार पीछे करने चाहिए। क्या ब्राजील की बात रूस मानेगा? क्या चीन खुलकर युद्ध के खिलाफ कुछ कहेगा? अकेला भारत ही है।

# कैसे खत्म होगा भेड़ियों का खौफ? मां के हाथ से बेटी छीन ले गया आदमखोर

**गांव वालों ने दिन-रात पहरा देने के लिए कई टोलियां बनाई हैं। ऐसी ही एक टोली में शामिल कुन्ना और अखिलेश बताते हैं कि कुछ लोग रात, तो कुछ दिन में थोड़ी देर के लिए सो लेते हैं। वैसे भी डर के मारे नींद कहां आ रही है। बच्चों की ऐसी चिंता लगी है कि मां सोती है तो पिता जागता है और पिता की आंख लगी तो मां पहरा दे रही है। ढाई साल की जिस बच्ची अंजलि को भेड़िया उठा ले गया, उसकी मां मीनू रोते हुए बताती हैं कि चारों बच्चे कमरे में उनके साथ ही सो रहे थे। कमरे में दरवाजा नहीं है, तो भेड़िया कब भीतर आ गया, पता ही नहीं चला। पहले उसने अंजलि को उठाया। कुछ देर बाद जब वह दोबारा आया दूसरे बच्चे को उठाने, तो आहट से घरवालों की नींद खुल गई। अंजलि का शव दूसरे दिन मिला। मीनू कहती हैं, 'एक बच्ची चली गई, दूसरों की चिंता में नींद कैसे आएगी?'**

(दीप सिंह)

गरेठी गांव के सारे लोग जैसे किसी जंग की तैयारी में लगे हों। एकदम मुस्तैद कि पता नहीं किधर से हमला हो जाए। शाम के चार बज रहे थे, जब बहराइच के इस गांव में मुलाकात हुई राम सांवरे से। साथ में, रामाधार और संतोष भी थे। सभी के पास लाठियां थीं। ये लोग गांव के बाहर खेत में धान की निराई करने आए थे। बगल में ही गन्ने के खेत में कई बार भेड़िया नजर आ चुका है, ऐसे में अकेले आना खतरे से खाली नहीं था। इस गांव की एक बच्ची को भी भेड़िया उठा ले गया है। तब से कोई भी अकेले बाहर नहीं निकलता, गांव के भीतर भी नहीं।



### कड़ा पहरा

गांव वालों ने दिन-रात पहरा देने के लिए कई टोलियां बनाई हैं। ऐसी ही एक टोली में शामिल कुन्ना और अखिलेश बताते हैं कि कुछ लोग रात, तो कुछ दिन में थोड़ी देर के लिए सो लेते हैं। वैसे भी डर के मारे नींद कहां आ रही है। बच्चों की ऐसी चिंता लगी है कि मां सोती है तो पिता जागता है और पिता की आंख लगी तो मां पहरा दे रही है। ढाई साल की जिस बच्ची अंजलि को भेड़िया उठा ले गया, उसकी मां मीनू रोते हुए बताती हैं कि चारों बच्चे कमरे में उनके साथ ही सो रहे थे। कमरे में दरवाजा नहीं है, तो भेड़िया कब भीतर आ गया, पता ही नहीं चला। पहले उसने अंजलि को उठाया। कुछ देर बाद जब वह दोबारा आया दूसरे बच्चे को उठाने, तो आहट से घरवालों की नींद खुल गई। अंजलि का शव दूसरे दिन मिला। मीनू कहती हैं, 'एक बच्ची चली गई, दूसरों की चिंता में नींद कैसे आएगी?'

### अंधेरे में हमला

सिंघिया नसीरपुर गांव की सुनीता भी अपनी चार साल की बेटी संध्या को खो चुकी हैं। उनकी बेटी को तो भेड़िया उनके हाथों से छीन ले गया। वह बच्ची के साथ लेटी हुई थीं और सब लोग खाना खा रहे थे। बिजली थी नहीं और इसी बीच अंधेरे में भेड़िया घुस आया। मां को आहट हुई, तो उन्होंने बच्ची को कसकर पकड़ लिया। भेड़िया और मां के बीच छीना-झपटी हुई। जब तक परिवार के दूसरे लोग आते, भेड़िया बच्ची को लेकर जा चुका था।

### भूखे सो रहे

शाम ढलने लगी है और अंधेरा पसर रहा है। इन गांवों में हर शाम ऐसी ही होती है। रोशनी करने के लिए बिजली नहीं रहती। लेकिन, आजकल अंधेरे के साथ खौफ भी पसर जाता है। ज्यादातर लोग शौच के लिए बाहर जाते हैं। बाहर न जाना पड़े, इसके लिए रात में भूखे सो रहे हैं। चूल्हा केवल सुबह ही जलता है। अगर रात में किसी को शौच जाने की जरूरत पड़ ही गई, तो साथ में दो लोग और जाते हैं पहरा देने के लिए।

### बच्चे भी पहरेदार

बहराइच की महसी तहसील के लगभग 50 गांवों में भेड़ियों ने आतंक फैला रखा है। लोग न सो पा रहे हैं और न काम पर जा पा रहे हैं। बच्चों का स्कूल जाना छूट गया है। कुछ गांवों में स्कूल चल भी रहे हैं, तो बच्चों की संख्या आधी हो गई है। प्राथमिक विद्यालय बग्गर के प्रधानाध्यापक सुशील कुमार ने बताया कि स्कूल में 211 बच्चे हैं। इस समय आधे ही आ रहे हैं। पड़ोस के गांव नेपालपुरवा में कोई बच्चा स्कूल नहीं जा रहा। मैकुपुरवा, गरेठी, मंगलपुरवा, दीवानपुरवा समेत कई गांवों में छोटे-छोटे बच्चे भी पहरेदारी में जुटे हैं।

### कहां से आए

बाघों की तरह भेड़ियों की गणना नहीं की जाती। हालांकि वन्य जीव विशेषज्ञों का मानना है कि भेड़ियों की संख्या बहुत कम हो गई है। देश में 300-400 और यूपी में 100 से कम ही भेड़िये बचे हैं। जिन इलाकों में ये घटनाएं हो रही हैं, वहां भी पहले कभी इस तरह की कोई वारदात नहीं सुनी गई। ऐसे में सवाल है कि अचानक भेड़िये आए कहां से? कुछ लोगों का कहना है कि किसी दूसरे इलाके से यहां आ गए। वन विभाग के पुराने अफसरों के मुताबिक, भेड़िये यहां पहले भी देखे गए हैं। वे नदी के कछार में मांद बनाकर रहते हैं।

### बच्चे आसान शिकार

भेड़िये सामान्य तौर पर इंसानों पर हमला नहीं करते। वे खुद इंसानों और बड़े वन्य जीवों के डर से झुंड में रहते हैं। भेड़ियों के हमला करने की घटनाएं भी बहुत कम होती हैं, लेकिन एक बार जब शुरू कर देते हैं, तो लगातार करते हैं। बाघ या तेंदुए की तरह भेड़िया इतना ताकतवर नहीं होता कि बड़ों का शिकार कर सके, इसलिए बच्चों को शिकार बना रहा है।

### पुरानी घटनाएं

भेड़ियों की आक्रामकता को समझने के लिए पुरानी घटनाओं को देखना होगा। यूपी में 2004-05 में बलरामपुर में भेड़ियों ने लगातार हमला किया था और तब 12 बच्चों की मौत हुई थी। वहीं, 1997 में प्रतापगढ़ और जौनपुर में ऐसी घटनाएं हुई थीं, जिनमें करीब 45 बच्चों की मौत हुई थी। उस समय आठ महीने सर्च ऑपरेशन चला था और 13 भेड़िये मारे गए थे। उस ऑपरेशन के गवाह रहे पूर्व वन संरक्षक ज्ञान प्रकाश सिंह बताते हैं कि जांच में सामने आया था कि कुछ चरवाहे भेड़ियों के दो बच्चों को उठा ले गए थे। इसी वजह से जानवर उग्र हो गए। जब झुंड के किसी एक भेड़िये को पकड़ा या मारा जाता है, तो बाकी सदस्य और ज्यादा आक्रामक हो जाते हैं। ऐसे में सर्च ऑपरेशन तब तक पूरा नहीं हो सकता, जब तक पूरा झुंड ही काबू में न आ जाए। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

# बांग्लादेश पर ही भारी न पड़ जाए आतंकियों की रिहाई

(शशांक, पूर्व विदेश सचिव)

अपनी सेवा के दौरान जब मेरी मुलाकात पाकिस्तान में स्कॉलरों व शिक्षाविदों से होती थी, तो उनकी एक सोच मुझे बराबर महसूस होती कि पाकिस्तान इस्लाम व इस्लामी विचारों को आगे बढ़ाने के लिए बनाया गया है, न कि किसी सैन्य शासन के अधीन संचालित होने या पश्चिमी देशों का पिट्ठू बनने के लिए। पाकिस्तान का पूर्वी हिस्सा रह चुका बांग्लादेश भी इसी सोच को जीता रहा है। चूंकि उसके निर्माण की बुनियाद ही यह है, इसलिए मौजूदा अंतरिम सरकार में शामिल अधिकतर लोग यही राय रखते हैं कि बांग्लादेश को इस्लामी राष्ट्र बनना चाहिए। इसी कारण, शेख हसीना के तख्ता-पलट के बाद बांग्लादेश में हालात पूरी तरह से उलट-पलट हो चुके हैं और कट्टरपंथियों को अहमियत देने के साथ-साथ अब उन दहशतगर्दों को भी जेलों से बाहर निकाला जाने लगा है, जो इस्लामी आतंकवाद का चेहरा रहे हैं। इनमें जमात-ए-इस्लामी और अंसार अल इस्लाम जैसे आतंकी गुटों के नेता भी शामिल हैं। बेशक यह कहा जा रहा है कि शेख हसीना के कार्यकाल में इन्हें गैर-कानूनी ढंग से कालकोठरी में डाल दिया गया था, लेकिन सच यही है कि रिहा होने वाले आतंकियों में से कई किसी भी राष्ट्र को अशांत कर सकने में सक्षम हैं।



वास्तव में, इन दहशतगर्दों को भारत जैसे देशों की मांग पर ही गिरफ्तार किया गया था। नई दिल्ली ही नहीं, दक्षिण एशिया के तमाम राष्ट्र यह कहा करते थे कि पाकिस्तान और बांग्लादेश में ऐसे-ऐसे गुट पनप रहे हैं, जिन्हें क्षेत्रीय अस्थिरता को बढ़ावा देने के लिए खाद-पानी दिया जा रहा है। चूंकि शेख हसीना भारत की हितैषी थीं, इसलिए उन्होंने अपने शासनकाल में ऐसे तमाम अपराधियों को सलाखों के पीछे भेज दिया था। मगर अब अंतरिम सरकार ने उनके लिए जेल के दरवाजे खोल दिए हैं। विडंबना यह है कि रिहाई का सूरज देखने वाले जमात-ए-इस्लामी के नेतागण आज भी बांग्लादेश को पाकिस्तान का ही हिस्सा मानते हैं और बांग्ला संस्कृति की खुलकर मुखालफत करते हैं। फिर भी, मोहम्मद यूनुस की कार्यकारी सरकार यही मानकर चल रही है कि देश के हालात यदि स्थिर करने हैं, तो न सिर्फ जमात-ए-इस्लामी से संबंध बेहतर बनाने होंगे, बल्कि पाकिस्तान जैसे पड़ोसी देशों का भी हाथ पकड़ना होगा और चीन-अमेरिका जैसे बड़े देशों का भी।

बहरहाल, बांग्लादेश और भारत के आपसी रिश्ते काफी जटिल हैं। ऐसे में, वहां आतंकियों की मिलती रिहाई को देखकर हमें अपनी सुरक्षा तैयारियां को एक बार फिर से परख लेना चाहिए। यह जानते हुए कि पूर्व में बांग्लादेश से हमें नकली भारतीय मुद्रा, हथियारों के अवैध कारोबार, गैर-कानूनी घुसपैठ जैसी तमाम चुनौतियां मिलती रही हैं, हमें इस बार खास तैयारी कर लेनी चाहिए। सबसे पहले तो हम बांग्लादेश की कार्यकारी सरकार से अपनी चिंता साझा करें और उनको बताएं कि कैसे ये आतंकी न सिर्फ भारत, बल्कि पूरी इंसानियत के दुश्मन हैं। इसके बाद हमें आसपास के सभी देशों को भी अपनी चिंता से अवगत कराना चाहिए। यह इसलिए भी आवश्यक है, क्योंकि आतंकवाद किसी भौगोलिक सरहद के अधीन नहीं होता। अगर आज यह बांग्लादेश के अंदर पनपना शुरू हो जाए, तो आने वाले दिनों में आसपास के तमाम देश इसकी चपेट में आ जाएंगे। यह हर देश को डंसता है, यहां तक कि उस मुल्क को भी, जहां आतंकवाद को पनपने की जमीन उपलब्ध कराई जाती है। यकीन न हो, तो पाकिस्तान का हाल देख लीजिए। जाहिर है, बांग्लादेश को समय रहते सचेत होना होगा, जिसके लिए अनिवार्य है कि तमाम कट्टरपंथियों को फिर से सलाखों के पीछे भेज दिया जाए।

कुल मिलाकर, बांग्लादेश के बदलते घटनाक्रम पर हमें पैनी निगाह बनाकर रखनी होगी। यह सुनिश्चित करना होगा कि आतंकियों की रिहाई भारतीय कानून-व्यवस्था के सामने कोई बड़ी चुनौती न बनने पाए। सीमा पर चौकसी बढ़ाने के साथ-साथ खुफिया एजेंसियों को भी विशेष सावधान रहने के निर्देश जारी करने होंगे। हमारी सरकार निश्चय ही यह सुनिश्चित करने में लगी होगी कि बांग्लादेश से कट्टरपंथियों की आमद भारत में न होने पाए। चूंकि आतंकवाद को खाद-पानी देना अपने पांव पर कुल्हाड़ी मारने जैसा होता है, इसलिए हमें बांग्लादेश को भी ऐसे कदमों से बचाने का प्रयास करना होगा।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

## वर्ग पहेली 5486

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 |
| 7 | | ■ | 8 | 9 | | | |
| | ■ | 10 | | | ■ | 11 | |
| ■ | ■ | 12 | | ■ | 13 | | |
| 14 | 15 | | | ■ | | ■ | ■ |
| 16 | | ■ | ■ | 17 | | | 18 |
| | ■ | 19 | ■ | 20 | | ■ | |
| 21 | | ■ | 22 | | ■ | 23 | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. नेताजी सुभाषचंद बोस ने आजाद हिंद फौज की झांसी की रानी बिग्रेड की 23 अक्टूबर 1943 को यहां स्थापना की (4)
4. पिता की बहन को यह कहते है (3)
7. दो बार उतना ही, दो गुना (2)
8. साथ में यात्रा करने वाला, सहयात्री, सहप्रयायी (5)
10. विपत्ति, दुर्दशा, संकट (3)
11. माता लक्ष्मी के नामों में से एक (2)
12. जो, अगर (2)
13. भूत निवारणकर्ता, भूतहंता (3)
14. कीचड़, गारा, पंक (4)
16. हाथ, कर, एक नक्षत्र जिसमें पांच तारे है (2)
17. परंपरागत चला आता हुआ क्रम (4)
19. वर्तमान सूचक का एक अव्यय (1)
20. प्राचीन काल की दो या चार पहियों वाली सवारी जिसे घोड़े खींचते थे (2)
21. दलील, सुविचारित बात (2)
22. प्राचीन इकाई जो सवा तीन गज की होती है (2)
22. प्रतिध्वनि, हमेशा (2)

**ऊपर से नीचे**

1. ईंगुर जिससे हिंदू धर्म की विवाहित महिलाऐं मांग भरती है (3)
2. गीत प्रस्तुत करने की क्रिया (2)
3. जिसके मन में करूण का भाव हो (5)
4. रक्तवाहिका, रक्तवाहिनी नली, शिरा (2)
5. घृणा, खिन्न (4)
6. मासिक, माहवारी, मासीन, माही (4)
9. दार्शनिक प्रणाली, राय, वोट, परामर्श (2)
10. कदाचित, संभवतः (3)
13. भूतों की स्वामी होने के कारण भगवान शंकर का एक नाम (4)
14. आतंक, भय (4)
15. क्षमताहीन, अशक्त, अधिक थका हुआ (2)
17. जलयुक्त, स्वादयुक्त (3)
18. इस नदी का नाम रेवा भी है (3)

### वर्ग पहेली 5485 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भा | ख | झ | नां | ग | ल | ■ | शु |
| ल | ट | ■ | द | ला | ल | शु | ल्क |
| लौ | क | ल | ■ | ■ | न | क्र | ■ |
| च | ना | ■ | फि | ज़ी | ■ | वा | दा |
| न | ■ | ही | से | ■ | प | र | म |
| ■ | सू | र | ज | ■ | क्ष | ■ | न |
| भा | ना | ■ | गां | व | ■ | बा | गी |
| त | ■ | सौं | धी | ■ | व | जी | र |

# लोग अमीर, सरकार गरीब

(रमेश तिवारी)

'हिमाचल ऐसा प्रदेश बनता जा रहा है, जहां लोग अमीर हैं लेकिन सरकार गरीब है।' हिमाचल के सीएम का यह बयान हाल में काफी चर्चा में आया। वहां कर्मचारियों की सैलरी में देरी की खबरें आ रही हैं। फिलहाल सीएम के साथ पूरी कैबिनेट ने दो महीने के लिए सैलरी नहीं लेने का फैसला किया है। हिमाचल प्रदेश उन पांच राज्यों में से एक है, जिन्होंने ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करने का फैसला किया था। कर्ज के बोझ के मामले में यह छोटा सा प्रदेश देश में चौथे नंबर पर है। इसका बजट 58,444 करोड़ रुपये का है, जिसमें 42,079 करोड़ रुपये सैलरी और पेंशन में ही खर्च हो जाते हैं।

इस बीच, पंजाब सरकार ने पिछले गुरुवार को पेट्रोल और डीजल पर टैक्स बढ़ा दिया। उसने बिजली की सब्सिडी वापस लेने का भी फैसला किया है, बसों के किराये बढ़ा दिए हैं। वित्तीय संकट में फंसे पंजाब के कर्मचारियों की सैलरी अगस्त में चार दिन की देरी से मिली। पंजाब में भी 2022 में ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करने का वादा किया गया था। हालांकि इसे लागू होना अभी बाकी है।

2004 से पहले लागू ओल्ड पेंशन स्कीम में कर्मचारी का कोई योगदान नहीं था, पूरा खर्च सरकार उठाती थी। यह बोझ बर्दाश्त से बाहर हुआ तो सरकार नैशनल पेंशन सिस्टम ले आई। इसमें कर्मचारी से योगदान लिया जाने लगा, साथ में सरकार भी बेसिक और डीए का 14 फीसदी योगदान देती है। लेकिन पेंशन कितनी मिलेगी, इसकी गारंटी नहीं। कर्मचारी एनपीएस का विरोध करते रहे तो अब यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) पेश की गई है, जिसमें पेंशन की रकम कितनी होगी, इसकी गारंटी होगी। यूपीएस में भी कर्मचारी का योगदान होगा, लेकिन सरकार का योगदान एनपीएस से ज्यादा होगा, 18.5 फीसदी।

अब जैसे-जैसे कर्मचारियों की सैलरी का खर्च हर साल बढ़ेगा, पेंशन पर सरकार का खर्च बढ़ता जाएगा। एक अनुमान में बताया गया है कि यूपीएस लागू करने में केंद्र का एक्स्ट्रा सालाना खर्च बढ़ता जाएगा। वित्त वर्ष 25-26 में यह खर्च 6250 करोड़ रुपये होगा। 7-8 साल में यह 8000 करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। केंद्र के बारे में दावे किए जा रहे हैं कि यूपीएस का खर्च सरकार सह लेगी। उसके 23 लाख कर्मचारियों के मुकाबले राज्यों के पेंशनर्स की संख्या काफी ज्यादा होगी। पेंशन का खर्च कई राज्यों पर बोझ बन गया है। केरल, उत्तर प्रदेश, पंजाब और असम में यह राज्य चलाने के खर्च के 15 फीसदी से ज्यादा है। यूपीएस में पेंशन की गारंटी देने के लिए खर्चों का अनुमान पहले से लगाना मुश्किल है। इन्वेस्टमेंट का रिटर्न कितना होगा, लोगों की औसत आयु आगे चलकर क्या होगी, महंगाई कैसी होगी, सैलरी में कितनी बढ़ोतरी होगी, ये सब आज ही तय नहीं किया जा सकता।

लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद यह माना गया कि मतदाता नाखुश है। इस नाखुशी से सरकारी फैसलों का प्रभावित होना लाजिमी है। ओपीएस की तरह फायदे देने वाली यूपीएस की ओर लौटना इसी का नतीजा माना जा रहा है। जल्द ही कई राज्यों में चुनाव होने जा रहे हैं। वोट पाने की खातिर जिन लोकलुभावन योजनाओं की पेशकश होती रही है, उससे सुधारों की गति प्रभावित हो सकती है। 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य दूर रह सकता है। विश्व बैंक ने हाल में एक रिपोर्ट में बताया है कि आगे चलकर मिडल इनकम वाले देशों की हाई इनकम क्लब में एंट्री मुश्किल होगी। इसके पीछे कई कारण होंगे, जिनमें उनका कर्ज बढ़ना भी प्रमुख है। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

## आज का राशिफल

### मेष

आज बेहद सावधानी से करने की सलाह है। आपको मेहनत करने से सफलता मिलेगी और हर कार्य में भाग?य का साथ मिलेगा। शाम के समय अतिथियों के आगमन से खर्च बढ़ेगा। आपको जरूरी कार्य से बाहर यात्रा पर जाना पड़ सकता है। आपके सम्?मान में वृद्धि होगी।

### वृषभ

आज करियर के मामले में लाभ होगा। आपको सम्?मान की प्राप्ति होगी और कारोबार से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। आप अपने किए कार्य की प्रशंसा से फूले नहीं समाएंगे। आपके आनंद में वृद्धि होगी और रात के समय किसी सामाजिक समारोह में सम्मिलित होने के चांस हैं।

### मिथुन

आज करियर में सफलता का दिन है। आज के दिन की प?लानिंग के अनुसार आपके सभी कार्य पूर्ण होंगे। धन सम्?मान में वृद्धि होने से मन में प्रसन्?नता रहेगी। आपके घर में भाइयों से विवाद उग्र रूप ले सकते हैं। हर मामले में संभलकर रहें।

### कर्क

आज का दिन सफलता देने वाला होगा। चंद्रमा की शुभ दृष्टि से आपको लाभ होगा। किसी महान पुरुष के आशीर्वाद से आपको करियर के मामले में लाभ होगा। कोई मूल्यवान वस्तु अकस्मात् मिल सकती है और आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

### सिंह

आज करियर में हर काम को बेहद संभलकर करने की जरूरत है। दिन भर प्रतिद्वन्दियों के लिए आप सिरदर्द बने रहेंगे। कारोबार में अकस्मात् आशा से अधिक लाभ होने से आपका मन काफी प्रसन्?न होगा। संतान पक्ष से भी अपेक्षित समाचार मिलेगा।

### कन्या

आज दिन आर्थिक मामलों में काफी सुखद रहेगा। काफी दिनों से जो असमंजस बना हुआ है, आज उसका अंत होगा और मायूसी भी समाप्त हो जाएगी। जिस वजह से आपके सभी कार्य अभी तक नहीं बन रहे थे आज वह रुकावट हट जायेगी और आपके रचनात्मक कार्यों में गति आएगी।

### तुला

आज करियर में लाभ होगा। आपके लिए जो काम काफी जोखिम से भरे हैं उन्?हें करने से बचें। वरना आपको नुकसान हो सकता है। आपके कार्यक्षेत्र में सहयोगी आपकी मदद करेंगे। किसी संकट में फंस सकते हैं, अपने काम पर फोकस करें वरना आपको नुकसान हो सकता है। आपकी योजनाएं सफल होंगी।

### वृश्चिक

आज दिन काफी व?यस?तता से भरा हागा। घरेलू और व्यावसायिक वातावरण काफी अस्त-व्यस्त रहेगा। कई प्रकार के विवाद और झंझट आपके सामने आ सकते हैं। कुछ समय लगाकर अपने कार्य कौशल से अपनी मुसीबतें कम कर पाएंगे और ऑफिस में लोग आपकी मदद करेंगे।

### धनु

आज लाभ का दिन है। जिस प्रकार प्रतियोगिता या परीक्षा को आप उत्तीर्ण कर लेना चाहते हैं, उसमें आपको सफलता मिलने के योग हैं। जिस तरीके से आप अपनी रणनीति को लागू कर रहे हैं, उससे लगता है कि युक्तिसंगत प्रयासों का लाभकारी परिणाम सामने आएगा। आर्थिक स्थिति में भी धीरे-धीरे सुधार होगा।

### मकर

आज दिन शुभ है। आपका मूड सुबह से ही अच्छा रहेगा। किसी बड़े लाभ के चक्कर में आप दिनभर भागदौड़ करने के लिए भी तत्पर रहेंगे। परिस्थितियां जब सुधरने लगती हैं तो सभी काम एक-एक कर बनने लग जाएंगे और आप सफलता की तरफ बढ़ते जाएंगे।

### कुंभ

आज प्रबल से प्रबल विरोधियों के होने पर भी अन्त में आपकी हर मामले में जीत होगी और आपके जीवन में चैन और सुकून बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में आपको आगे बढ़ने के लिए कुछ नए कार्य करने पड़ सकते हैं और थोड़े बहुत जोखिम भी लेने पड़ सकते हैं। आपका दिन सफलता से भरा होगा और कारोबार में मनचाही सफलता हासिल होने से आपको खुशी होगी।

### मीन

आज आपके सभी कार्य बिना किसी बाधा के संपन्?न होंगे। आपके घर में किसी प्रकार के मांगलिक कार्य की चर्चा हो सकती है और आपका सामाजिक दायरा बढ़ेगा। धार्मिक कार्य में रुचि और निकट की यात्रा भी संभव है। रात का कुछ समय परिवार के साथ बिताएं तो अच्छा रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### मेडिकल काउंसिल ने वित्तीय कदाचार के मामले में पूर्व अस्पताल प्रिंसिपल से पूछताछ की




**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल मेडिकल काउंसिल ने शनिवार को आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल डॉ. संदीप घोष को कारण बताओ नोटिस जारी किया। यह कार्रवाई स्वास्थ्य सुविधा में कथित वित्तीय अनियमितताओं के आरोप में उनकी गिरफ्तारी के बाद हुई है। एक अधिकारी ने पुष्टि की कि परिषद उनका मेडिकल पंजीकरण रद्द करने पर विचार कर रही है। डॉ. घोष को कारण बताओ नोटिस दिया गया है। हमने उन्हें जवाब देने के लिए तीन दिन का समय दिया है, अधिकारी ने कहा। डॉ. घोष को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने इन वित्तीय अनियमितताओं के संबंध में गिरफ्तार किया था। ये आरोप 9 अगस्त को आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक महिला डॉक्टर के शव मिलने के बाद सामने आए। पोस्टग्रेजुएट प्रशिक्षु डॉक्टर को कथित तौर पर ड्यूटी पर रहते हुए बलात्कार और हत्या कर दी गई थी, जिसके बाद देश भर में विरोध प्रदर्शन हुए। तीन अन्य डॉक्टरों को तब तक परिषद की गतिविधियों से दूर रहने का निर्देश दिया गया है जब तक कि वे अपने खिलाफ लगे आरोपों को साफ नहीं कर लेते। ये डॉक्टर डॉ. घोष के करीबी सहयोगी हैं और उन पर विभिन्न सरकारी अस्पतालों में अन्य चिकित्सा पेशेवरों को धमकाने का आरोप है। इनमें शामिल डॉक्टरों में बर्दवान मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के पूर्व रेजिडेंट मेडिकल ऑफिसर अविक डे, उसी संस्थान के पूर्व वरिष्ठ डॉक्टर बिरुपाक्ष विश्वास और मिदनापुर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के जूनियर मेडिकल अधिकारी मुस्तफिजुर रहमान मल्लिक शामिल हैं।

### सैकड़ों जिंदगियों का रखवाला बना ट्रैकमैन, 500 मीटर दौड़ लगाकर रुकवाई

**कारवार, एजेंसी।** बहादुरी और विलक्षण सतर्कता का प्रदर्शन करते हुए ट्रैकमैन महादेव ने कोंकण रेलवे के कुमता और होन्नावर स्टेशन के बीच एक बड़ी ट्रेन दुर्घटना को टाल दिया। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, घटना शुक्रवार सुबह करीब 4.50 बजे हुई जब नियमित ड्यूटी पर तैनात महादेव ने क्षेत्र में पटरी के जोड़ पर अधूरी वेल्डिंग देखी। उस समय तिरुवनंतपुरम-दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस इस मार्ग पर आ रही थी। महादेव ने खतरे को भांपते हुए तुरंत ट्रेन रोकने के लिए कुमटा स्टेशन से संपर्क किया। हालांकि, ट्रेन पहले ही स्टेशन से निकल चुकी थी और खतरनाक खंड की ओर तेजी से बढ़ रही थी। महादेव ने बिना किसी डर के सीधे ट्रेन चालक (लोको पायलट) से संपर्क करने का बहुत प्रयास किया, लेकिन संपर्क स्थापित नहीं हो सका। कुछ करने के लिए अब कुछ मिनट ही बचे थे, ऐसे में उन्होंने तुरंत दूसरा निर्णय लिया। वह पटरियों पर तेजी से दौड़ा और केवल पांच मिनट में आधा किलोमीटर की दूरी तय कर ली। अधिकारियों ने बताया कि ऐन वक्त पर उन्होंने ट्रेन को लाल झंडी दिखाकर रोक दिया और संभावित आपदा को टाल दिया। वेल्डिंग का काम पूरा होने के बाद राजधानी एक्सप्रेस सुरक्षित रूप से कारवार के लिए फिर से रवाना हुई। कोंकण रेलवे जोन के अधिकारियों ने महादेव की सराहना करते हुए उन्हें एक नायक करार दिया। उनकी इस बहादुरी पर कोंकण रेलवे के सीएमडी संतोष कुमार झा ने उन्हें 15,000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया।

### सीएम माणिक साहा बोले- त्रिपुरा में महिला शिक्षा को मिला बढ़ावा, उच्च शिक्षा में बढ़ा महिलाओं का नामांकन

**अगरतला, एजेंसी।** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री मानिक साहा ने राज्य में उच्च शिक्षा में लड़कियों के सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) में वृद्धि की घोषणा की। शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए, सामान्य डिग्री कॉलेजों में 37,450 लड़कियां नामांकित हुईं, जो 35,800 लड़कों से अधिक है। पिछले शैक्षणिक वर्ष में, 35,650 लड़कियां नामांकित हुईं, जबकि 35,800 लड़के नामांकित हुए। उनाकोटी जिले में रामकृष्ण महाविद्यालय के प्लेटिनम जयंती समारोह में बोलते हुए, साहा ने 2022 से कॉलेज स्तर तक लड़कियों के लिए मुफ्त शिक्षा प्रदान करने की सरकार की पहल पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा हम बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान का सक्रिय रूप से समर्थन करते हैं और कई उपाय लागू किए हैं। मुख्यमंत्री ने महिलाओं के कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न उपायों का विवरण दिया। इनमें सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण, गुलाबी शौचालयों की स्थापना और सरकारी स्टालों में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण शामिल हैं। उन्होंने जीईआर में वृद्धि को इन पहलों का श्रेय दिया। साहा ने त्रिपुरा के कॉलेजों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के सफल कार्यान्वयन के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा एनईपी के कारण आने वाली पीढ़ियों को काफी लाभ होगा। लक्ष्य योजना को यूपीएससी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में छात्रों की सहायता के लिए शुरू किया गया है। इसके अतिरिक्त, सब्रूम में धम्म दीपा विश्वविद्यालय खुलने वाला है। टेक्नो इंडिया विश्वविद्यालय और आर्यवर्त अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय पर भी काम चल रहा है।

# कांग्रेस ने युवाओं को बनाया खिलाड़ी, बीजेपी युवाओं को बना रही है नशेड़ी : भूपेंद्र हुड्डा



**चंडीगढ़, एजेंसी।** पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि भाजपा ने प्रदेश के युवाओं को नशे के दलदल में धकेल दिया है। इसके चलते लाखों परिवार बर्बाद हो चुके हैं और हजारों लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। कांग्रेस सरकार ने जिसे हंसता-खेलता व आगे बढ़ता हरियाणा बनाया था, उसे बीजेपी ने नशे में उड़ता हरियाणा बना डाला है। कांग्रेस ने जिन युवाओं को खिलाड़ी बनाने की नीतियां तैयार की थीं, बीजेपी ने उन युवाओं को नशेड़ी बनाने की नीतिया लागू की हैं।

हुड्डा अपने आवास पर सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों से बातचीत कर रहे थे। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने हुड्डा से कांग्रेस सरकार बनने पर नशे पर नकेल कसने की मांग की। उनसे बातचीत में पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे युवा आए दिन नशे के चलते मौत का शिकार हो रहे हैं, लेकिन सरकार ना तो नशे पर रोक लगा रही है और ना ही तस्करों पर कोई कार्रवाई कर रही है। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि प्रदेश में हर वर्ष एक लाख से ज्यादा लोग नशे की वजह से अस्पतालों में पहुंच रहे हैं। अकेले सिरसा में ही दो साल में 65 लोगों की मौत नशे की ओवरडोज से हो चुकी है। बीजेपी राज में 400 से ज्यादा लोग नशे की ओवर डोज से अपनी जान गंवा चुके हैं। दर्जनों लोगों की जहरीली शराब के चलते मौत हो चुकी है। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की रिपोर्ट में सामने आया है प्रदेश के 22 में से 13 जिले तो बुरी तरह नशे की चपेट में हैं। जबकि जमीनी हकीकत तो यह है कि बीजेपी सरकार ने गांव-गांव, गली-गली, हरेक मोहल्ले में नशा पहुंचा दिया है। हर जगह खुलेआम सिंथेटिक नशा बिक रहा है। लेकिन नशा कारोबारियों किसी भी तरह की कोई कार्रवाई नहीं होती। इससे स्पष्ट है कि इस कारोबार को सरकार का संरक्षण प्राप्त है।

भूपेंद्रसिंह हुड्डा ने बताया कि 2014 तक प्रदेश में नशे के चलते अस्पताल पहुंचने वालों की संख्या 1400 थी, जो अब बढ़कर अकेले सिरसा में 35 हजार से ज्यादा हो चुकी है। हर साल करीब एक लाख युवा नशे के चलते इलाज के लिए अस्पतालों में पहुंच रहे हैं। कई युवा तो इलाज के लिए आते ही नहीं और अपनी पूरी जिंदगी बर्बाद कर देते हैं। हुड्डा ने कहा ने भरोसा दिलाया कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने पर नशा, अपराध और बेरोजगारी तीनों पर नकेल कसी जाएगी। क्योंकि बेरोजगारी ही नशे और अपराध की जननी है। आज हरियाणा बेरोजगारी के मामले में पूरे देश में नंबर वन है। इसीलिए प्रदेश नशे और अपराध के मामले में भी पहले पायदान पर पहुंच गया है। अब हरियाणा को इस बीमारी से निजात दिलाने का समय आ गया है।

## हरियाणा में मंत्रियों के बाद पूर्व विधायक सरदार बल्कोर सिंह ने छोड़ी भाजपा



**सिरसा, एजेंसी।** जब से विधानसभा चुनाव में भाजपा की ओर से उम्मीदवारों का ऐलान हुआ है तब से लगातार भाजपा में विरोध बढ़ता जा रहा है और कई नेता भाजपा पार्टी से नाराज चल रहे हैं और इस्तीफों का दौर जारी है। इसी कड़ी में आज कालांवाली के पूर्व विधायक व भाजपा के वरिष्ठ नेता बलकौर सिंह ने भी भाजपा को अलविदा कह दिया है। पूर्व विधायक के साथ जिला पार्षद, ब्लॉक समिति के अध्यक्ष ब्लॉक समिति के मेंबर व अनेक सरपंचों पूर्व सरपंचों पंचों व पूर्व नगर परिषद और भाजपा के पदाधिकारी ने एक साथ भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल होने का मन बना लिया है और इसी को लेकर आज दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं। पूर्व विधायक बलकौर सिंह ने अपना इस्तीफा पार्टी को भेज दिया है। मीडिया से बातचीत करते हुए पूर्व विधायक बलकौर सिंह ने बताया कि 2019 से वो लगातार भाजपा में पूरी निष्ठा के साथ कार्य कर रहे है। उन्होंने बताया कि जिस व्यक्ति को भाजपा ने यहां से टिकट दिया है पहले भाजपा की तरफ से ही उन्हें यह कहकर निकल गया था कि वह नशे का व्यापार करते हैं। लेकिन, अब उसी को दोबारा टिकट दे दी है। उन्होंने कहा कि वह नशा बेचने वालों के खिलाफ हैं। इसी को लेकर उन्होंने अब भाजपा को को छोड़ अपने साथियों सहित कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं।

## संजौली मस्जिद विवाद में एमसी कोर्ट में 5 अक्टूबर को होगी अगली सुनवाई



**शिमला , एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के संजौली मस्जिद विवाद के मामले में नगर निगम आयुक्त (एमसी) सुनील अत्री के कोर्ट में सुनवाई हुई। इस सुनवाई में आयुक्त सुनील अत्री ने इस मामले में संबंधित जेई को फटकार लगाते हुए अगली सुनवाई 5 अक्टूबर को कर दी है। इस मामले में नगर निगम आयुक्त (एमसी) सुनील अत्री ने वक्फ बोर्ड और जेई को स्टेट्स रिपोर्ट दायर करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा मामले में संजौली के निवासियों की ओर से भी अदालत में पार्टी बनने को लेकर एप्लिकेशन दी गई है।

संजौली लोकल रेजिडेंट (हिंदू संगठन) के एडवोकेट ने बताया, जिस जमीन पर मस्जिद बनी है, वह जमीन सरकारी है। रिकॉर्ड्स के मुताबिक हिमाचल प्रदेश सरकार उस जमीन की मालिक है। आज मजबूरी में 14 साल बाद यहां के आम लोगों को इस मामले में पार्टी बनना पड़ा है। किसी आदमी ने इस जमीन पर गैरकानूनी तरह से निर्माण कर लिया गया था। जिसके बाद साढ़े तेरह सालों तक वक्फ बोर्ड गायब रहा।

उन्होंने आगे कहा, साढ़े तेरह सालों बाद अचानक वक्फ बोर्ड कहता है कि यह मस्जिद उनकी है। इस पर कोर्ट ने उनसे कागजात मांगे जो वह नहीं दिखा पाए। हमारे कागजों के मुताबिक, उस जमाबंदी में खसरा नंबर 36 पर जो मस्जिद है वह अवैध है। यहां पर इसका मतलब है कि यह सरकारी जमीन पर बनाई गई मस्जिद है। मैं किसी समुदाय को लेकर बात नहीं करता। मैं वकील हूं, मेरे लिए सारे धर्म बराबर हैं। हमने अपनी 20 पेज की एप्लीकेशन में कहीं भी हिंदू और मुस्लिम शब्द का इस्तेमाल नहीं किया है। हमने सिर्फ गैर कानूनी निर्माण के बारे में बात की है।

## कर्नाटक के डिप्टी सीएम ने महादयी परियोजना को मंजूरी देने की केंद्र सरकार की अपील

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने शनिवार को केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी से महादयी परियोजना के लिए अनुमोदन और ऊपरी भद्रा परियोजना के लिए धन सुरक्षित करने पर ध्यान केंद्रित करने की अपील की है। शनिवार को डीके शिवकुमार ने प्रह्लाद जोशी से इन परियोजनाओं को एमयूडीए और अभिनेता दर्शन की गिरफ्तारी जैसे मुद्दों को उठाने पर प्राथमिकता देने की अपील की। शिवकुमार जोशी के इस बयान पर प्रतिक्रिया दे रहे थे कि कांग्रेस सरकार वाल्मीकि निगम घोटाले से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए अभिनेता दर्शन की जेल के अंदर सिगरेट पीते हुए एक तस्वीर जारी करके लोगों का ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा, मैं लगभग 15 दिनों में मुख्यमंत्री से बात करूंगा कि महादयी पर सर्वदलीय बैठक बुलाना है या आयोग की बैठक बुलाना है। हम महादयी के लिए अपनी लड़ाई की प्रकृति पर चर्चा करेंगे। महादयी परियोजना में इसकी सहायक नदियों, कलासा और बंडुरी पर बांधों के निर्माण के माध्यम से महादयी नदी से पानी मोड़ना शामिल है। ऊपरी भद्रा परियोजना एक महत्वपूर्ण सिंचाई पहल है जिसका उद्देश्य कर्नाटक के सूखाग्रस्त मध्य जिलों को सिंचाई और पेयजल प्रदान करना है।

# जम्मू में उम्मीदवारों की किस्मत तय करने में अनुसूचित जाति के मतदाताओं की अहम भूमिका

**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर में अगली सरकार बनाने में विभिन्न राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करने में अनुसूचित जाति के मतदाता महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और इसी संदर्भ में सभी राजनीतिक दल इस वर्ग के मतदाताओं को लुभाने की कोशिश कर रहे हैं। जम्मू और कश्मीर में 90 विधानसभा क्षेत्र हैं, जिनमें से 07 सीटें अनुसूचित जाति (एससी) और 09 सीटें अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए आरक्षित हैं। जम्मू राज्य में 20 ऐसे निर्वाचन क्षेत्र हैं, जहां अनुसूचित जाति की आबादी 19 से 26 प्रतिशत के बीच है और यह पर्याप्त आबादी इन निर्वाचन क्षेत्रों में गैर-आरक्षित उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला कर सकती है। यह किसी भी राजनीतिक दल को जम्मू-कश्मीर में अगली सरकार बनाने में मदद कर सकता है। 2011 की जनगणना के अनुसार, मढ़ निर्वाचन क्षेत्र में अनुसूचित जाति के मतदाताओं की संख्या सबसे अधिक 42.55 प्रतिशत है।

इसी तरह बिश्ना में 41.95 प्रतिशत, रामनगर में 36.73, सुचेतगढ़ में 36.71, अखनूर में 31.29, कठुआ में 31.28 और रामगढ़ में 30.48 प्रतिशत मतदाता अनुसूचित जाति के हैं। राजौरी, गुलाबगढ़, बुद्धल, मेंढर, सुरनकोट, थानमंडी (जम्मू क्षेत्र), गुरेज, कोकरनाग, कंगन (कश्मीर क्षेत्र) सहित अनुसूचित जनजाति आरक्षित सीटें भी जम्मू-कश्मीर में अगली सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। इन विधानसभा क्षेत्रों में अनुसूचित जाति के मतदाताओं का प्रतिशत काफी कम है। राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना ??है कि सात आरक्षित सीटों पर मतदाता विभिन्न राजनीतिक दलों का प्रतिनिधित्व करने वाले अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों के लिए महत्वपूर्ण कारक की भूमिका निभाएंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा शुक्रवार को जम्मू में जारी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का चुनाव घोषणापत्र सरकारी सेवाओं में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए पदोन्नति में आरक्षण पर केंद्रित है। पिछले विधानसभा चुनाव में पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने 28 सीटें, बीजेपी ने 25, नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) ने 15 और कांग्रेस ने 12 सीटें जीती थीं। इस बार चुनाव लड़ने के लिए कांग्रेस ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ गठबंधन किया है। जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों में 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को मतदान होगा और नतीजे 8 अक्टूबर को घोषित किए जाएंगे।



## असम के कुछ जिलों में आधार कार्ड बनवाने के लिए लोगों को देने होंगे एनआरसी नंबर

**दिसपुर, एजेंसी।** असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा ने शनिवार को जानकारी दी कि कुछ जिलों में आधार कार्ड बनवाने के लिए लोगों को एनआरसी नंबर देने होंगे। असम में अवैध घुसपैठ का मामला काफी पहले से बना हुआ है। हाल ही में पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश में हुए तख्तापलट के बीच घुसपैठियों की संख्या पहले से और भी ज्यादा हो गई है। इस पर प्रदेश सरकार लगातार नजर बनाए हुए है।

हिमंत बिस्वा ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के माध्यम से कहा, असम के कुछ विशेष जिलों में जनसंख्या से अधिक लोगों ने आधार कार्ड का आवेदन किया। इसलिए हम उन्हें आधार कार्ड देंगे, जिसके पास एनआरसी नंबर हो, ताकि घुसपैठियों को नागरिकता ना मिले। बता दें कि हाल की रिपोर्ट से इस बात की जानकारी सामने आई है कि असम में घुसपैठियों की संख्या में वृद्धि हुई है। इसी को देखते हुए सरकार ने अवैध प्रवेश को रोकने के लिए एक्शन तेज कर दिया है।



असम सरकार के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार, जनवरी 2024 से अब तक 54 घुसपैठिये पकड़े गए हैं। इनमें करीमगंज जिले में 48, बोंगाईगांव जिले में 4, और हाफलोंग जीआरपी और धुबरी जिले में एक-एक घुसपैठिए पकड़े गए। पकड़े गए लोगों में से 45 व्यक्तियों को उनके देश वापस भेज दिया गया, जबकि 9 को करीमगंज में गिरफ्तार कर लिया गया। इसके अलावा, ऊपरी असम और उत्तरी असम के जिलों में संदिग्ध गैर-भारतीय नागरिकों और विदेशी मूल के व्यक्तियों की उपस्थिति की खबरें सरकार को मिल रही हैं।

सरकार का कहना है कि ऐसे लोगों के बारे में पता लगाना महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है। असम पुलिस सीमा संगठन को घुसपैठियों का पता लगाने और उनकी गतिविधियों को रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। असम सरकार ने सीमा निगरानी को मजबूत करने और सीमा सुरक्षा एजेंसियों के साथ समन्वय बनाने के निर्देश असम पुलिस सीमा संगठन को दिए हैं। इसके अलावा नियमित खुफिया जानकारी संग्रह, समुदाय जागरूकता और सहयोग, समय पर कानूनी कार्रवाई, अतिरिक्त बलों की इसके लिए तैनाती, सीमा चौकियों और दस्तावेजों को मजबूत बनाना, संदिग्ध व्यक्तियों के बायोमेट्रिक और आधार नंबर एकत्र करना और विदेशी घोषित व्यक्तियों की पहचान और गिरफ्तारी के निर्देश दिए हैं।

## पीएम मोदी ने की प्रवीण कुमार से बात, पूछा बड़ी सफलता का राज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पैरालंपिक खेलों में भारत के दिग्गज खिलाड़ी अपना लोहा मनवा रहे हैं। देश के लिए छठां मेडल हासिल करने वाले खिलाड़ी प्रवीण कुमार की सफलता भारत के लिए और बड़ी सफलता है। पीएम मोदी ने प्रवीण को बधाई संदेश भेजने के बाद शनिवार को उनसे फोन पर बात की और प्रशिक्षण से लेकर प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए किए अभ्यासों और संघर्षों के बारे में जाना। पीएम ने बाचती के दौरान प्रवीण कुमार ना सिर्फ हौसला बढ़ाया बल्कि और आगे भी देश के उनके इसी तरह के प्रदर्शन के अपेक्षा की।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने शनिवार (07 सितंबर) को बयान जारी कर कहा की पीएम मोदी ने पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाली प्रवीण कुमार से फोन पर बात की। पीएमओ की ओर से जारी बयान में कहा गया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पैरालंपिक खेलों के पदक विजेता प्रवीण कुमार और होकाटो होतोज़े सेमा से टेलीफोन पर बातचीत की। पीएम ने 40 साल की उम्र में अपने पहले ही पैरालिंपिक में पदक जीतने के लिए होकाटो होतोजे सेमा के प्रयासों की सराहना की। पीएम ने प्रवीण कुमार से चर्चा की कि कैसे उन्होंने अपने प्रशिक्षण के दौरान इंटरनेट की मदद ली जिससे उन्हें अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने में मदद मिली। पैरालंपिक गेम्स 2024 के 10वें दिन हाई जंप एथलीट प्रवीण कुमार ने रिकॉर्ड प्रदर्शन की बदौलत तोक्यो के



अपने सिल्वर मेडल को शुक्रवार को पेरिस में गोल्ड मेडल में बदल दिया। इस मेडल की बदौल भारत पैरालंपिक गेम्स की मेडल टैली में कनाडा और कोरिया जैसे देशों से आगे निकलने में सफल हो गया। प्रवीण कुमार ने में पुरुषों की हाई जंप टी64 स्पर्धा में एशियाई रिकॉर्ड तोड़कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। बातचीत के दौरान ने होकातो से कहा, होकातो नमस्ते। आप तो फौजी जवान हो। आपने 40 साल की उम्र में पैरालंपिक में पदक जीतकर आना आपके लिए अभूतपूर्व सफलता है। क्या मन कर रहा है। इस पर होकातो ने कहा, %मैं बहुत खुश हूं कि मैं ऐसा एथलीट हूं जिसने पैरालंपिक में सेना का प्रतिनिधित्व किया है। यह मेरा पहला पैरालंपिक खेल है और मुझे कांस्य पदक मिला। मैं काफी खुश हूं। सर, आपने पैरा एथलीटों का काफी समर्थन किया है और यह सब आप के समर्थन के कारण ही हुआ है।

# आरपीएफ महानिदेशक ने हॉट स्प्रिंग्स मेमोरियल में पुलिस शहीदों को श्रद्धांजलि दी

**लद्दाख, एजेंसी।** लद्दाख (वीएनएस)। रेलवे सुरक्षा बल के महानिदेशक मनोज यादव के नेतृत्व में 3 सितंबर की सुबह विभिन्न राज्य पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) का प्रतिनिधित्व करने वाले पुलिस अधिकारियों का 28 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल लद्दाख में हॉट स्प्रिंग्स मेमोरियल में एकत्र हुआ। एन. प्रकाश रेड्डी, डीआइजी, तेलंगाना पुलिस समूह के उपनेता थे। दीपक कुमार शर्मा, RI ने पुलिस प्रतिनिधिमंडल के सदस्य के रूप में छत्तीसगढ़ पुलिस का प्रतिनिधित्व किया, जिन्होंने स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की। एकजुटता दिखाने के लिए आईटीबीपी, आईटीबीएफ और भारतीय सेना के वीर अधिकारी और जवान जो अत्यधिक चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बीच ऋ्ष्ट पर कड़ी निगरानी रख रहे हैं, वे भी शहीदों को सलामी देने के लिए पुलिस दल में शामिल हुए। पुलिस प्रतिनिधिमंडल को 86 वर्षीय वयोवृद्ध और जीवित किंवदंती और गश्ती दल के सदस्य सोनम दोरजे से मिलने का सम्मान मिला, जो 21 अक्टूबर 1959 के दौरान चीनी सैनिकों के खिलाफ बहादुरी से खड़े थे जहां उन्हें पकड़ लिया गया था। उनका लचीलापन और साहस इतिहास का एक प्रेरक अध्याय बना हुआ है। समुद्र तल से 15,400 फीट की ऊंचाई पर वास्तविक नियंत्रण रेखा



(ऋ्ष्ट) के पास ऊबड़-खाबड़ और दुर्गम इलाके में स्थित, यह स्थल उन दस सीआरपीएफ जवानों के ऐतिहासिक और वीरतापूर्ण बलिदान का प्रमाण है, जिन्होंने रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। 21 अक्टूबर, 1959 को राष्ट्र पूर्वी लद्दाख के बीहड़ और उजाड़ इलाके में स्थित यह स्मारक भारतीय पुलिस बलों के लिए एक पवित्र स्थल रहा है, जहाँ इन बहादुर अधिकारियों की याद में हर साल श्रद्धांजलि दी जाती है। यह समारोह, जो 1960 में स्मरण के संकेत के रूप में शुरू हुआ था। देश भर में सेवारत और सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों के लिए एक अत्यधिक सम्मानित परंपरा बनी हुई है। इस वर्ष की तीर्थयात्रा एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुई है, क्योंकि मनोज यादव प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले रेलवे सुरक्षा बल के पहले महानिदेशक बने। विभिन्न बलों के पुलिस अधिकारियों की एक टीम के साथ उनकी भागीदारी, भारत में विभिन्न पुलिस बलों के बीच साझा की गई एकता, ताकत और सौहार्द को मजबूत करती है। 1958 में बल की स्थापना के बाद से ड्यूटी के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले रेलवे सुरक्षा बल के 1011 बहादुर कर्मियों को यह तीर्थयात्रा समर्पित करते हुए, आरपीएफ महानिदेशक ने बहादुरों द्वारा अनुकरणीय कर्तव्य, वीरता और बलिदान की भावना के प्रति आरपीएफ की प्रतिबद्धता दोहराई। 1959 के दिल, जिनकी यादें पुलिस इतिहास के इतिहास में हमेशा के लिए अंकित रहेंगी। मनोज यादव की यात्रा और इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में उनकी भागीदारी कानून प्रवर्तन समुदाय के सभी सदस्यों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। यह राष्ट्र की सेवा में पुलिस अधिकारियों द्वारा किए गए बलिदानों की एक मार्मिक याद दिलाता है और कर्तव्य, वीरता और प्रतिबद्धता की स्थायी भावना को मजबूत करता है जो भारतीय पुलिस बिरादरी को परिभाषित करता है।

# इंग्लैंड के ऑलराउंडर मोईन ने लिया संन्यास



लंदन, (एजेंसी)। इंग्लैंड के दिग्गज ऑलराउंडर मोईन अली ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है. वे कई मौकों पर दमदार प्रदर्शन कर चुके हैं. मोईन का भारत के खिलाफ अच्छा रिकॉर्ड रहा है. वे विराट कोहली को ऑन ग्राउंड काफी परेशान कर चुके हैं.

मोईन ने कोहली को 10 बार आउट किया है. लेकिन अब उन्होंने करियर का अहम फैसला ले लिया है. मोईन का कहना है कि इंग्लैंड क्रिकेट टीम को आगे बढ़ने की जरूरत है.

## संक्षिप्त समाचार

### टीम इंडिया को मिलने वाला है नया धोनी?

#### जुरेल ने ऐसा क्या कि हो रही तारीफ



नईदिल्ली, (एजेंसी)। दिलीप ट्रॉफी 2024 का पहला मैच इंडिया ए और इंडिया बी के बीच खेला जा रहा है. इस मुकाबले में ध्रुव जुरेल इंडिया ए की तरफ से खेल रहे हैं. वे पहली पारी में महज 2 रन बनाकर आउट हुए. जबकि दूसरी पारी में जीरो पर आउट हो गए. लेकिन फिर भी उनकी तारीफ हो रही है. वजह है कमाल की विकेटकीपिंग. ध्रुव जुरेल ने इस मुकाबले में शानदार विकेटकीपिंग की है. उन्होंने पूर्व दिग्गज भारतीय खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी के एक रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है.दरअसल ध्रुव जुरेल दिलीप ट्रॉफी की एक पारी में सबसे ज्यादा कैच लेने वाले विकेटकीपर बन गए हैं. इस मामले में उन्होंने धोनी की बराबरी कर ली है. धोनी ने 2004-05 में ईस्ट जोन के लिए खेलते हुए एक पारी में 7 कैच लपके थे. अब जुरेल ने भी 7 कैच ले लिए हैं. इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर सुनील बेंजामिन हैं. उन्होंने 1973-74 के सीजन में सेंट्रल जोन के लिए खेलते हुए 6 कैच लपके थे. धोनी ने बेंजामिन का रिकॉर्ड तोड़ा था. अब जुरेल ने उनके रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है.

भारत और बांग्लादेश के बीच 19 सितंबर से टेस्ट सीरीज खेली जाएगी. जुरेल को इस सीरीज के लिए मौका दिया जा सकता है. महज 23 साल के जुरेल टीम इंडिया के लिए टेस्ट डेब्यू कर चुके हैं. लेकिन उन्हें अभी तक ज्यादा मैचों में खेलने का मौका नहीं मिला है. जुरेल ने भारत के लिए 4 टेस्ट पारियों में 190 रन बनाए हैं. उन्होंने इसी साल फरवरी में इंग्लैंड के खिलाफ खेलते हुए टेस्ट डेब्यू किया था. जुरेल भारत के लिए 2 टी20 मैच भी खेल चुके हैं.

ध्रुव जुरेल की उनकी शानदार विकेटकीपिंग की वजह से सोशल मीडिया पर तारीफ हो रही है. एक्स पर एक यूजर ने ध्रुव को ऋषभ पंत और संजू सैमसन से भी बेहतर पता दिया.

### एंड्रयू फ्लिंटॉफ का कोचिंग में डैब्यू

लंदन (एजेंसी)। पूर्व दिग्गज हरफनमौला एंड्रयू 'फ्रेडी' फ्लिंटॉफ को शनिवार को इंग्लैंड लायन्स (इंग्लैंड की ए टीम) का मुख्य कोच



नियुक्त किया गया। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान अपने खेल करियर को समाप्त करने के बाद से टेलीविजन चैनलों से जुड़े रहे है, लेकिन अब वह कोचिंग के क्षेत्र में नई शुरुआत करेंगे।

फ्लिंटॉफ ने नई जिम्मेदारी मिलने के बाद कहा कि मैं इंग्लैंड लायन्स के साथ यह भूमिका निभाने के लिए अविश्वसनीय रूप से उत्साहित हूं। यह देश की कुछ बेहतरीन उभरती प्रतिभाओं के साथ काम करने और पुरुषों टीम के भविष्य को आकार देने में मदद करने का एक शानदार अवसर है। फ्लिंटॉफ को दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के आगामी दौरों के साथ-साथ भारत ए और जिम्बाब्वे के खिलाफ अगले सत्र में होने वाले मुकाबलों की जिम्मेदारी दी गई है।

पिछले साल क्रिकेट में वापसी के बाद से 46 साल के फ्लिंटॉफ टी20 विश्व कप में सहायक कोच रहे हैं। उन्होंने 'द हंड्रेड' में नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स का मार्गदर्शन किया।

पेरिस पैरालंपिक

# ईरान का जैवलिन थ्रोअर अयोग्य घोषित गोल्ड में बदला नवदीप सिंह का सिल्वर मेडल



पेरिस, (एजेंसी)। पेरिस पैरालंपिक में शनिवार को पुरुषों की भाला फेंक एफ41 फाइनल में नाटकीय प्रदर्शन के बीच ईरान के बेत सयाह सादेघ को अयोग्य घोषित किए जाने के बाद भारत के नवदीप सिंह के रजत पदक को स्वर्ण में बदल दिया गया। यह पुरुषों की भाला एफ41 श्रेणी में भारत का पहला स्वर्ण पदक है। नवदीप का पहला प्रयास फाउल रहा लेकिन उन्होंने दूसरे प्रयास में 46.39 मीटर के थ्रो के साथ शानदार वापसी की।

तीन साल पहले टोक्यो पैरालंपिक में चौथे स्थान पर रहने वाले नवदीप के तीसरे थ्रो ने स्टेडियम को रोमांचित कर दिया। उन्होंने 47.32 मीटर के विशाल थ्रो के साथ पैरालंपिक रिकॉर्ड को तोड़ दिया और बढ़त बना ली। सादेघ ने हालांकि अपने पांचवें प्रयास में भारतीय खिलाड़ी से बेहतर प्रदर्शन करते हुए 47.64 मीटर का रिकॉर्ड थ्रो किया। फाइनल की समाप्ति के कुछ समय बाद ईरान के खिलाड़ी को अयोग्य घोषित कर दिया गया, जिसके कारण नवदीप ने शीर्ष स्थान हासिल किया।

सयाह को बार-बार आपत्तिजनक झंडा प्रदर्शित करने के लिए अयोग्य घोषित किया गया। वह अपनी हरकतों से स्वर्ण पदक गवां बैठे। अंतरराष्ट्रीय पैरालंपिक समिति के नियम एथलीटों को आयोजन में कोई भी राजनीतिक संकेत देने से रोकते हैं और सयाह को गैर-खेल/अनुचित आचरण के लिए अंतिम परिणामों से बाहर कर दिया गया था। इस स्पर्धा का रजत विश्व रिकॉर्ड धारक चीन के सन पेंगजियांग (44.72) के नाम रहा जबकि इराक के नुखाइलावी वाइल्डन (40.46) ने कांस्य पदक जीता। एफ41 श्रेणी छोटे कद के एथलीटों के लिए है।

नवदीप ने इस स्वर्ण पदक के साथ तोक्यो खेलों में चौथे स्थान पर रहने की कसक को दूर की। आयकर विभाग में निरीक्षक के पद पर तैनात नवदीप ने 2017 में खेल में आने के बाद से राष्ट्रीय स्तर पर पांच बार पदक जीते हैं। उन्होंने इस साल की शुरुआत में पैरा-विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था।




## भारत का ऐतिहासिक सफर 29 मेडल के साथ खत्म

### 7 गोल्ड जीते, एथलेटिक्स में 17 पदक, आर्चरी-शूटिंग में 1-1 गोल्ड

नईदिल्ली, (एजेंसी)। पेरिस पैरालिंपिक में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए भारत ने 7 गोल्ड समेत 29 मेडल जीतकर अपना सफर समाप्त किया। 10वें दिन देश को 2 मेडल मिले, मेंस स्र41 कैटेगरी के जैवलिन थ्रो इवेंट में नवदीप ने गोल्ड और विमेंस टी-12 कैटेगरी की 200 मीटर रेस में सिमरन ने ब्रॉन्ज मेडल दिलाया।

भारत मेडल टैली में 16वें नंबर पर रहा, देश ने 7 गोल्ड, 9 सिल्वर और 13 ब्रॉन्ज मेडल जीते। यह भारत का बेस्ट प्रदर्शन है, इससे पहले टोक्यो में देश ने 5 गोल्ड समेत 19 मेडल जीते थे। एथलेटिक्स में सबसे ज्यादा 17 मेडल भारत ने टोक्यो में 19 मेडल जीते थे, इस बार 17 मेडल तो एथलेटिक्स में ही आ गए। एथलीट्स ने 4 गोल्ड, 6 सिल्वर और 7 ब्रॉन्ज मेडल जीते। जबकि बैडमिंटन दूसरा बेस्ट स्पोर्ट रहा, इसमें 1 गोल्ड, 2 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज मेडल मिले। भारत को पैरा आर्चरी में पहली बार गोल्ड मेडल मिला, हरविंदर सिंह ने यह कारनामा किया।

आर्चरी में राकेश कुमार और शीतल देवी की जोड़ी ने ब्रॉन्ज मेडल भी जीता। शूटिंग में 1 गोल्ड, 1 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज मेडल मिले। इनके अलावा जूडो में पहली बार एक ब्रॉन्ज मेडल मिला। ईरानी एथलीट के डिसक्वालिफाई होने के बाद नवदीप को गोल्ड मिला मेंस स्र41 कैटेगरी के फाइनल में भारत के नवदीप ने सिल्वर मेडल जीता था, लेकिन ईरानी एथलीट के डिसक्वालिफाई होने के बाद उन्हें गोल्ड मेडल मिल गया। नवदीप ने अपने तीसरे अटेम्प्ट में 47.32 मीटर का बेस्ट थ्रो फेंका। यह पैरालिंपिक रिकॉर्ड रहा, लेकिन फिर ईरान के सादगेह सायाह ने अपने 5वें अटेम्प्ट में 47.64 मीटर का बेस्ट थ्रो फेंक दिया।

नवदीप ने मेंस स्र41 कैटेगरी में गोल्ड मेडल जीता।

हालांकि, ईरानी एथलीट के डिसक्वालिफाई हो जाने के बाद नवदीप को गोल्ड मेडल मिल गया। ईरानी एथलीट को आतंकी संगठन से जुड़ा फ्लैग दिखाने के कारण डिसक्वालिफाई किया गया।जबकि ब्रॉन्ज जीतने वाले चीन के पेंगजियांग सुन का मेडल सिल्वर में बदल गया। स्र41 कैटेगरी में वे एथलीट्स आते हैं, जिनकी हाईट कम होती है। सिमरन ने 200 मीटर में कामयाबी दिलाई विमेंस टी-12 कैटेगरी में भारत की सिमरन ने 200 मीटर रेस में आखिरकार ब्रॉन्ज मेडल जीत ही लिया। सिमरन 100 मीटर रेस में मेडल जीतने से चूक गई थीं। 4 प्लेयर्स के फाइनल में उन्होंने 24.75 मीटर के टाइम के साथ रेस पूरी की। क्यूबा की एथलीट ने गोल्ड और वेनेजुएला की एथलीट ने सिल्वर मेडल जीता। ञ्र12 कैटेगरी में वे एथलीट्स आते हैं, जिन्हें देखने में समस्या होती है। इसलिए ट्रैक इवेंट्स में उनके साथ एक गाइड भी दौड़ता है।

6 प्लेयर मेडल नहीं जीत सके विमेंस ष्ट1-3 कैटेगरी के रोड साइक्लिंग इवेंट में ज्योति गडेरिया रेस पूरी नहीं कर सकीं। वह 15वें नंबर पर रहीं। मेंस रोड साइक्लिंग इवेंट में अरशद शेख भी रेस पूरी नहीं कर सके, वह 28वें नंबर पर रहे।

मेंस की 50 मीटर बटरफ्लाई स्7 कैटेगरी में भारत के सुयश जाधव 5वें नंबर पर रहे। विमेंस में कैटेगरी की 200 मीटर विमेंस पैरा कनोइंग फाइनल में भारत की प्राची यादव 8वें नंबर पर रहीं। उन्होंने 1.08.55 मिनट में रेस पूरी की।

# एरिना सबालेंका ने जीता यूएस ओपन

## अमेरिका की जेसिका पेगुला को 7-5, 7-5 से हराया



न्यूयॉर्क, (एजेंसी)। बेलारूसी स्टार एरिना सबालेंका ने यूएस ओपन टेनिस चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया है। दूसरी वरीयता प्राप्त सबालेंका ने अमेरिका की जेसिका पेगुला को 7-5, 7-5 से हराया। यह मुकाबला एक घंटे 53 मिनट तक चला। 26 साल की सबालेंका पहली बार साल के आखिरी ग्रैंड स्लैम की सिंगल्स कैटेगरी में चैंपियन बनी हैं। सबालेंका का यह ओवरऑल चौथा ग्रैंड स्लैम टाइटल है। उन्होंने सिंगल्स में 2023 में ऑस्ट्रेलिया ओपन जीता था। साथ ही डबल्स में 2019 में यूएस ओपन और 2021 में ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन बनी थी।

# पाकिस्तान को हराते ही बदले बीसीबी के सुर, भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज में बांग्लादेश के कोच बने रहेंगे हाथुरूसिंघा

ढाका, (एजेंसी)। बांग्लादेश की टीम ने हाल ही में पाकिस्तान को उसके घर में पटखनी दी थी. बांग्लादेश ने पहली बार पाकिस्तान को टेस्ट सीरीज में हराया था. सीरीज में 2-0 मिले ऐतिहासिक जीत के बाद टीम के कप्तान नजमुल हसन शांतो ने हेड कोच चंडिका हाथुरूसिंघा की खूब तारीफ की थी. वहीं इस जीत बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के भी सुर बदले हुए नजर आ रहे हैं.

बोर्ड हाथुरूसिंघा को किसी तरह पद से हटाने पर तुला हुआ था. हालांकि, अब बीसीबी के डाइरेक्टर नजुमल आबदिन ने साफ कर दिया है कि हाथुरूसिंघा भारत खिलाफ 19 सितंबर से होने वाले टेस्ट सीरीज में भी टीम के हेड कोच बने रहेंगे. बीसीबी डाइरेक्टर ने भारत को भी टक्कर देने की भी बात कही है.



पाकिस्तान के खिलाफ मिली जीत के बाद बीसीबी के डाइरेक्टर नजमुल आबदिन ने कहा है कि हाथुरूसिंघा बांग्लादेश लौटेंगे और वहीं रहेंगे. इतना ही नहीं वो टीम के हेड कोच बने रहेंगे और भारत के खिलाफ खिलाड़ियों को गाइड करेंगे.

बता दें बीसीबी के साथ हाथुरूसिंघा का कॉन्ट्रैक्ट 2025 में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी तक है. पाकिस्तान में टीम की जीत के बाद वो सीधे अपने देश श्रीलंका चले गए थे. अब वो 12 सितंबर तक बांग्लादेश लौट सकते हैं.

बांग्लादेश में सरकार बदलने बाद से बीसीबी के कई अधिकारी देश छोड़कर भाग गए थे. इसके बाद बोर्ड में काफी बदलाव हुए. फारुक अहमद को बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था.



# भारत 2030 युवा ओलंपिक के लिए पेश करेगा दावेदारीः खेल मंत्री मंडाविया

नईदिल्ली, (एजेंसी)। मंडाविया ने यहां एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) की 44वीं महासभा के अवसर पर कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम 2030 में होने वाले युवा ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए बोली लगाने जा रहे हैं, लेकिन हमारा ध्यान 2036 ओलंपिक की मेजबानी पर है।

खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने रविवार को कहा कि भारत 2030 में होने वाले युवा ओलंपिक के लिए बोली लगाने के लिए तैयार है, जो 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी हासिल करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा।

वर्ष 2030 में पांचवें युवा ओलंपिक खेलों का आयोजन किया जाएगा। मंडाविया ने यहां एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) की 44वीं महासभा के अवसर पर कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम 2030 में होने वाले युवा ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए बोली लगाने जा रहे हैं, लेकिन हमारा ध्यान 2036 ओलंपिक की मेजबानी पर है। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष डॉ. पीटी उषा ने ओसीए महासभा को संबोधित करते हुए कहा, 44वीं ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया महासभा के संयोजक के रूप में आपके सामने खड़ा होना एक बहुत बड़ा सम्मान और सौभाग्य है। भारत ने हमेशा ओलंपिक मोमेंट और इससे जुड़ी खेल भावना का गहरा सम्मान किया है।

हमें नई दिल्ली में इस महासभा की मेजबानी करने पर बहुत गर्व है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा, मोदीजी के नेतृत्व में हमने क्रिकेट विश्व कप, फुटबॉल अंडर-17 विश्व कप सहित कई अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया।

युवा ओलंपिक 2023 की मेजबानी हासिल करने के लिए भारत के अलावा पेरू, कोलंबिया, मैक्सिको, थाईलैंड, मंगोलिया, रूस, यूक्रेन, बोस्निया और हर्जेगोविना भी दौड़ में शामिल हैं।

ऑस्टेलिया वर्सेस स्काटलेंड टी-20

# कैमरन ग्रीन ने बल्ले और गेंद से मचाया कोहराम ऑस्ट्रेलिया ने स्कॉटलैंड का किया 3-0 से सूपड़ा साफ




एडिनबर्ग (स्कॉटलैंड)(एजेंसी)। कैमरून ग्रीन के ऑलराउंड प्रदर्शन और बेहतरीन फील्डिंग की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने एडिनबर्ग में खेले गए तीसरे और अंतिम टी20 इंटरनेशनल मुकाबले में स्कॉटलैंड को छह विकेट से रौंद दिया. इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलियाई टीम ने तीन मैचों की टी20 सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप हासिल कर ली.

ग्रीन ने पहले अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए मेजबान स्कॉटलैंड को 9 विकेट पर 149 रन पर रोक दिया और फिर करियर की अपनी बेस्ट पारी दम पर लक्ष्य को हासिल कर लिया. मैच में कुल 302 रन बने, जोकि ऑस्ट्रेलिया और स्कॉटलैंड के द्वारा टी-20 में यह अब तक का एक मैच में सबसे कम कुल रनों (302) का रिकॉर्ड है. इससे पहले, स्कॉटलैंड के लिए ब्रैंडन मैकमुलेन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैचों में अपना तीसरा अर्धशतक बनाया, लेकिन एक बार फिर उनका ये स्कोर पर्याप्त नहीं था क्योंकि वह और सलामी बल्लेबाज जॉर्ज मुन्से स्कॉटलैंड के लिए महत्वपूर्ण योगदान देने वाले एकमात्र बल्लेबाज थे.

मैकमुलेन ने 39 गेंदों पर तीन चौके और इतने ही छक्कों की मदद से 56 रनों की लाजवाब पारी खेली. वहीं, जॉर्ज मुन्से ने 17 गेंदों पर दो छक्कों के सहारे 25 रन बनाए. ऑस्ट्रेलिया के लिए कैमरन ग्रीन ने धाकड़ गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 35 रन देकर तीन विकेट चटकाए जबकि एरोन हार्डी और सीन एबॉट ने दो-दो विकेट निकाले. इसके अलावा मार्कस स्टोयनिस और एडम जम्पा को एक-एक सफलता मिली.

150 रनों लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 18 रन के अंदर ही अपने दो विकेट खो दिए. हालांकि इसके बाद कैमरन ग्रीन और मिचेल मार्श ने तीसरे विकेट के लिए 36 गेंदों पर 61 रनों की साझेदारी करके टीम को संकट से बाहप निकाला. ग्रीन ने इसके बाद टिम डेविड के साथ मिलकर भी चौथे विकेट के लिए 30 गेंदों पर 52 रनों की साझेदारी निभाई और कंगारुओं को जीत की तरफ अग्रसर कर दिया.

मार्श ने 23 गेंदों पर तीन चौके और दो छक्कों की मदद से 31 रन जबकि ग्रीन ने 39 गेंदों पर दो चौके और पांच छक्कों के सहारे 62 रनों की नाबाद और मैच विनिंग पारी खेली. डेविड ने 14 गेंदों पर 25 रनों का योगदान दिया. जैक फेजर मैक्गर्क इस सीरीज में दूसरी बार खाता खोले बिना आउट हो गए. ट्रेविस हेड ने 12 रन बनाए.

## विश्व ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप 2024 में फीडे नें की बदलावों की घोषणा

न्यू यॉर्क , यूएसए (एजेंसी)। शतरंज की दुनिया में एक बड़ा बदलाव होने जा रहा है। विश्व शतरंज संघ ने विश्व ब्लिट्ज चैंपियनशिप 2024 के लिए नए फॉर्मेट की घोषणा की है, जिसमें स्विस सिस्टम और नॉकआउट चरण का मिश्रण शामिल होगा। इस नए फॉर्मेट से न केवल चैंपियनशिप का रोमांच बढ़ेगा, बल्कि खिलाड़ियों की गुणवत्ता और और उनकी लय की यह कड़ी परीक्षा होगी । इस बार, पुरुषों वर्ग में 13 राउंड और महिलाओं के वर्ग में 11 राउंड का स्विस लीग होगा। इसके बाद शीर्ष 8 खिलाड़ी नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई करेंगे। नॉकआउट चरण में हर मैच चार खेलों का होगा, जिससे खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा और दर्शकों के लिए भी रोमांचक क्षण बनेंगे।

फीडे के सीईओ एमिल सुतोवस्की ने कहा, इस साल फिडे ने फॉर्मेट में बदलाव किया है, जिससे चैंपियनशिप को और अधिक रोमांचक बनाया जा सके। नॉकआउट फॉर्मेट में शीर्ष खिलाड़ियों के बीच सीधे मुकाबले होंगे, जिससे चैंपियन का फैसला किया जाएगा। यह फॉर्मेट टीवी प्रसारण के लिए भी बहुत उपयुक्त होगा।

# सफाई कर्मचारियों को सभी कल्याणकारी योजनाओं का मिले लाभ : एम. वेंकटेशन

## राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष ने बैठक में की समीक्षा, सुनी समस्याएं

**पन्ना।** राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के केन्द्रीय राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त अध्यक्ष एम. वेंकटेशन ने शुक्रवार को पन्ना प्रवास के दौरान सफाई कर्मचारियों के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन व संस्थानों द्वारा प्रदत्त सुविधाओं के संबंध में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक के दौरान समीक्षा की तथा सभी नगरीय निकायों के सफाई कामगारों को समयबद्ध तरीके से कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए।



अध्यक्ष श्री वेंकटेशन ने बैठक में उपस्थित सफाई कर्मचारियों और विभिन्न सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधियों से संवाद कर सुझाव प्राप्त किया तथा समस्याएं भी सुनीं। नगरीय निकायों द्वारा कर्मचारियों को प्रदान किए जा रहे लाभ के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि नियमित सफाई कर्मचारियों के अलावा संविदा पर नियुक्त कामगारों को निर्धारित वेतन एवं कलेक्टर दर पर कार्यरत अकुशल श्रेणी के सफाई कर्मचारियों को श्रम आयुक्त द्वारा निर्धारित पारिश्रमिक का भुगतान किया जाए। साथ ही प्रति वर्ष एक अप्रैल एवं एक अक्टूबर से प्रभावशील बढ़े हुए वेतन का भुगतान भी सुनिश्चित करें। वर्तमान में अकुशल श्रेणी के लिए 339 रूपए प्रतिदिन की दर निर्धारित है।

उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रभावी व पारदर्शी व्यवस्था लागू कर नगरीय निकायों में कार्य की आवश्यकता अनुसार रोटेशन तय कर साप्ताहिक अवकाश का लाभ प्रदान करें। ओवर टाइम कार्य का लाभ भी दें। श्रम अधिनियम के प्रावधान अनुसार प्रतिमाह निर्धारित 26 दिवस के स्थान पर 30 दिवस कार्य की स्थिति में अतिरिक्त चार दिवस का तथा राष्ट्रीय पर्व के अवकाश पर ड्यूटी के दौरान दोगुनी राशि प्रदान की जाए। संबंधित निकायों को शासन से आवश्यक बजट प्राप्त होने पर सर्वप्रथम सफाई कर्मचारियों के वेतन आहरण के लिए निर्देशित किया।

अध्यक्ष एम. वेंकटेशन ने आयुष्मान भारत कार्ड के लाभ तथा नियमित रूप से हेल्थ चेक अप शिविर आयोजित करने तथा कर्मचारी की आकस्मिक मृत्यु पर परिजनों को आर्थिक सहायता स्वीकृति के संबंध में निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि कर्मचारी अपने अधिकारों के प्रति भी सजग रहें। आयोग के टोल फ्री नंबर 011-24648924 पर किसी समस्या के निवारण की बात कही।

कलेक्टर सुरेश कुमार ने कहा कि सभी सफाई कर्मचारियों को शासन की नीति व प्रावधान अनुसार सभी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। उन्होंने कहा कि संबंधित कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए नियमित रूप से मॉनीटरिंग होगी। साथ ही प्रतिमाह सात तारीख तक अनिवार्य रूप से वेतन का भुगतान भी सुनिश्चित किया जाएगा। 90 दिवस में समस्त पीएफ संबंधी प्रकरण के निराकरण, नियमित सफाई कर्मचारियों को समयमान वेतनमान का लाभ और बीमा सहित चिकित्सा सुविधाओं का लाभ प्रदान करने के लिए कहा। उन्होंने सरकारी योजनाओं के लाभ के लिए कर्मचारियों से नगरीय निकाय स्तर पर अपनी समग्र आईडी अपडेशन की अपेक्षा की। स्वच्छ भारत मिशन की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मधु वाल्मीकी द्वारा मस्टर पर नियुक्त सफाई कर्मचारियों की मृत्यु पर अनुग्रह राशि के तत्काल भुगतान और जनसंख्या के मान से भर्ती के संबंध में सुझाव दिए। साथ ही उपस्थित सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष द्वारा भी शासन स्तर पर जारी आदेश अनुसार आवास स्कीम और सामुदायिक भवन इत्यादि सुविधाएं प्रदान करने तथा संयुक्त संचालक स्तर पर नियमितीकरण के लिए आवश्यक समन्वय करने की मांग रखी।

परियोजना अधिकारी शशिकपूर गढ़पाले द्वारा जिले के समस्त नगरीय निकायों के बारे में जानकारी देते हुए अवगत कराया गया कि वर्तमान में सभी निकायों में विभागीय तौर पर नियमित, संविदा और कलेक्टर दर पर 433 सफाई कर्मचारी नियोजित हैं, जबकि आउटसोर्सिंग पर किसी भी निकाय में सफाई कर्मचारियों को नियुक्त नहीं किया गया है। वर्तमान में 72 पद रिक्त हैं। किन्हीं कारणोंवश ईपीएफ के लाभ से वंचित कर्मचारियों को एमआईसी से प्रस्ताव पारित कर इसका लाभ प्रदान किया जाएगा। पीओ डूडा द्वारा जानकारी दी गई कि नगरीय निकायों में सर्वे उपरांत हाथ से मैला ढोने वाले एक भी श्रमिक नहीं पाए गए हैं। बैठक में डीएफओ पुनीत सोनकर सहित प्रभारी पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, एसडीएम संजय नागवंशी, उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग अशोक चतुर्वेदी, समस्त नगरीय निकायों के सीएमओ भी उपस्थित रहे। अध्यक्ष एम. वेंकटेशन ने बैठक के पहले जिला अस्पताल पहुंचकर सिविल सर्जन डा. आलोक गुप्ता से अस्पताल में नियोजित सफाई कर्मचारियों की जानकारी ली और आउटसोर्स पर नियुक्त कर्मचारियों से वेतन, पीएफ एवं बीमा के लाभ के बारे में पूछा। प्रत्येक कर्मचारियों की समस्या सुनकर अविलंब निराकरण के निर्देश दिए। संबंधित एजेंसी को कर्मचारी हित में संचालित सुविधाओं का लाभ प्रदान कराने तथा अनुबंध की शर्त अनुसार आवश्यक नियमों का पालन कराने के लिए निर्देशित किया गया।

# ईव्हीएम कमीशनिंग कार्य संपन्न



**पन्ना।** पन्ना जिले में स्थानीय निकाय उप निर्वाचन अंतर्गत आगामी 11 सितम्बर को पार्षद एवं जनपद पंचायत सदस्य के एक-एक तथा सरपंच के दो पद के लिए मतदान होगा। नगर परिषद अजयगढ़ के वार्ड क्रमांक 14 में पार्षद पद के लिए मतदान का समय सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित है, जबकि गुनौर जनपद पंचायत के वार्ड क्रमांक 14 के सदस्य पद तथा पवई विकासखण्ड की ग्राम पंचायत पलोही एवं शाहनगर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत सारंगपुर में सरपंच पद के लिए मतदान सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक होगा। पार्षद पद की मतगणना एवं परिणाम की घोषणा 13 सितम्बर को तथा जनपद पंचायत सदस्य एवं सरपंच पद की मतगणना और परिणाम की घोषणा 15 सितम्बर को की जाएगी।

मतदान के पूर्व गत शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में उक्त तीनों पदों के लिए ईव्हीएम से मतदान के दृष्टिगत तकनीकी कर्मचारियो के गठित दल द्वारा ईव्हीएम कमीशनिंग और कैण्डसेट का कार्य संपन्न कराया गया। इसके उपरांत ईव्हीएम को स्ट्रांग रूम में सील करने की कार्यवाही की गई। ईव्हीएम एफएलसी सहित डीईओ एवं आरओ लेवल रेण्डमाईजेशन की कार्यवाही पूर्व में संपादित की जा चुकी है। 10 सितम्बर को स्ट्रांग रूम से सामग्री का वितरण कर मतदान दलों को रवाना किया जाएगा।

# ऑनलाइन ऑफ कैम्पस काउंसिलिंग अंतर्गत संस्था स्तरीय काउंसिलिंग शुरू

पन्ना

अध्यक्ष काउंसिलिंग समिति तकनीकी शिक्षा द्वारा पॉलीटेक्निक कॉलेज में रिक्त सीट पर प्रवेश के लिए संस्था स्तरीय काउंसिलिंग के निर्देश जारी किए गए हैं। इस क्रम में जिले के पन्ना एवं पवई पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में भी 10 सितम्बर को काउंसलिंग का आयोजन किया गया है। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 9 सितम्बर तक एमपी ऑनलाइन के माध्यम से कराया जा सकता है।

शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग तथा मैकेनिकल इंजीनियरिंग ब्रांच में स्थान रिक्त हैं, जबकि शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पवई में मैकेनिकल इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग तथा इलेक्ट्रानिक्स एण्ड टेली कम्यूनिकेशन में सीट रिक्त है। विद्यार्थी प्रवेश के संबंध में अधिक जानकारी के लिए राकेश कुमार द्विवेदी 9424350178 तथा प्रतिपाल सिंह 9340487909 से संपर्क कर सकते हैं।

# विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर 10 सितम्बर को

**पन्ना।** म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी द्वारा मंगलवार, 10 सितम्बर को विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर लगाया जाएगा। पन्ना शहर वितरण केन्द्र धरमसागर में जिला स्तरीय विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम के अध्यक्ष व सदस्यों की उपस्थिति में शिविर का समय दोपहर 12 से 2 बजे तक निर्धारित है। विद्युत कम्पनी के कार्यपालन अभियंता द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं से शिविर में उपस्थित होकर बिजली बिल, मीटर, लाइन एवं अन्य विद्युत संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण की अपील की गई है।

# पत्रकार स्वास्थ्य एवं दुर्घटना समूह बीमा योजना

## आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि 20 सितम्बर तक

**पन्ना।** जनसंपर्क विभाग द्वारा वर्ष 2024-25 में पत्रकार, फोटोग्राफर एवं कैमरामैन को स्वास्थ्य एवं दुर्घटना समूह बीमा योजना के लाभ के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसके लिए अंतिम तिथि 20 सितम्बर 2024 निर्धारित की गई है। मीडिया प्रतिनिधि स्वास्थ्य बीमा रुपये 4 लाख और व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा रुपये 10 लाख अथवा स्वास्थ्य बीमा 2 लाख रुपये और व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा 5 लाख रुपये का विकल्प चुन सकेंगे। 21 से 70 वर्ष की उम्र के संचार प्रतिनिधि इसके पात्र होंगे। पूर्व से बीमित पत्रकार 70 वर्ष की उम्र के बाद भी योजना के पात्र होंगे।

बीमा एक साल के लिये किया जायेगा। 60 वर्ष तक के संचार प्रतिनिधि की वार्षिक बीमा प्रीमियम का 75 प्रतिशत और 61 से 65 वर्ष के संचार प्रतिनिधियों की बीमा प्रीमियम का 85 प्रतिशत भुगतान शासन द्वारा किया जायेगा। पति, पत्नी, बच्चों (अधिकतम 25 वर्ष तक के तीन अविवाहित) एवं माता-पिता को निर्धारित प्रीमियम देने पर, योजना में शामिल किया जा सकेगा।

बीमा पॉलिसी में पहले से विद्यमान सभी बीमारियाँ शामिल होंगी। जनसम्पर्क संचालनालय के अधिमान्य पत्रकारों के साथ ही संचार संस्थान का फार्म-16 एवं पीपीएफ कटौत्री की स्लिप देने वाले गैर अधिमान्य पत्रकारों को भी पूर्वानुसार पात्रता होगी। मध्यप्रदेश के मूल निवासी नई दिल्ली में कार्यरत पत्रकारों को भी योजना में पात्रता होगी। गैर अधिमान्य पत्रकारों के लिये 50 प्रतिशत प्रीमियम पत्रकार द्वारा और 50 प्रतिशत राज्य सरकार द्वारा दिया जायेगा। इस श्रेणी में दैनिक समाचार-पत्र के चार, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक पत्र-पत्रिका और इलेक्ट्रॉनिक एवं जनसंपर्क संचालनालय, डीएव्हीपी में पंजीकृत वेब मीडिया के दो-दो प्रतिनिधियों को योजना में पात्रता होगी। इसमें निर्धारित संख्या के अनुसार प्रथम प्राप्त 4/2 आवेदनों पर ही विचार किया जायेगा। आरएनआई में रजिस्टर्ड नियमित पत्र-पत्रिकाओं के प्रतिनिधि पात्र होंगे। 65 वर्ष से अधिक उम्र के संचार प्रतिनिधियों का पूरा बीमा प्रीमियम राज्य सरकार द्वारा देय होगा।

पॉलिसी के तहत् बीमा कंपनी के चिन्हित अस्पतालों में इलाज की कैशलेस व्यवस्था होगी। इसके लिये पत्रकारों को ई-कार्ड ई-मेल के माध्यम से भेजा जायेगा। अस्पताल में इलाज के दौरान पत्रकारों को आधार कार्ड ले जाना जरुरी होगा। योजना का विवरण, प्रीमियम तालिका जनसम्पर्क की वेबसाइट पर उपलब्ध है। प्रीमियम को एनईएफटी कर यू.टी.आर. नंबर की जानकारी सहित अन्य पूरी जानकारी ऑनलाइन लिंक पर उपलब्ध फार्म में भरनी होगी। फार्म ऑफलाइन नहीं लिये जायेंगे। अधिमान्यता प्राप्त और गैर अधिमान्यता प्राप्त पत्रकारों के अलग-अलग फार्म हैं। पत्रकारों को निर्धारित फार्म ही भरना होगा। अधिमान्य पत्रकारों की नयी बीमा पॉलिसी 4 अक्टूबर 2024 और गैर अधिमान्य पत्रकारों की 01 नवम्बर 2024 से शुरू होगी।

# जिला चिकित्सालय में फिजियोथेरेपी कैम्प सोमवार को

**पन्ना।** राष्ट्रीय वृद्धजन स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम अंतर्गत सोमवार, 09 सितम्बर को विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय पन्ना में फिजियोथेरेपी कैम्प का आयोजन किया गया है। शिविर में पहुंचने वाले मरीजों को जांच, उपचार एवं फिजियोथेरेपी की सेवाएं प्रदान की जाएंगी। सिविल सर्जन डॉ. आलोक गुप्ता ने आम नागरिकों से स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित होकर लाभ उठाने की अपील की है।

# पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक सम्पन्न

**पन्ना।** पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पन्ना में गत दिवस विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। प्रारंभ में मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर द्वारा दीप प्रज्ज्वलन किया गया और विद्यार्थियों ने स्वागत गीत गाया। विद्यालय प्राचार्य अमित दाहिया ने भी औपचारिक रूप से स्वागत कर बैठक के उद्देश्यों के बारे में बताया। इस अवसर पर सीबीएसई की कक्षा 10वीं एवं 12वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम में तथा राष्ट्रीय खेलकूद स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले




विद्यार्थियों को चेक प्रदान किया गया। कक्षा 12वीं में तुषारिका जगवानी को 10 हजार रुपए तथा कक्षा 10वीं में मान्या दुबे, रिद्धिमा साहू तथा खेल प्रोत्साहन के लिए अक्षत तिवारी को 5 हजार रुपए का चेक कलेक्टर द्वारा प्रदान किया गया। बैठक में विद्यालय एवं छात्रों से संबंधित एजेंडा के विभिन्न बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया गया और उसे अंतिम रूप प्रदान किया गया। प्राचार्य ने प्रोजेक्टर के माध्यम से विद्यालय में शिक्षकों की स्थिति, विद्यार्थियों के नामांकन तथा प्रवेश प्रक्रिया की नियमावली को बताया तथा संविदा शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। विद्यालय में केन्द्रीय विद्यालय संगठन के निर्देशानुसार आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों, जिसमें प्राथमिक कक्षाओं के अंतर्गत किये जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों तथा पाठ्यसहगामी क्रियाकलापों के अंतर्गत कार्यक्रम, विशेष दिवस पर कार्यक्रम, वार्षिक खेलकूद दिवस, स्काउट गाइड कार्यक्रम तथा अन्य सभी आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को स्पष्ट करते हुए विद्यालय के लिए उसकी महत्ता और उपयोगिता को सभी के समक्ष रखा गया। बैठक में अध्यक्ष एवं जिला कलेक्टर ने विद्यालय प्रबंधन द्वारा प्रस्तुत बजट को अनुमोदित किया, जिसमें वोकेशनल लैब निर्माण, रसायन विज्ञान लैब में एलपीजी गैस पाइपलाइन फिटिंग, एनसीसी विंग ओपन करने, अनुपयोगी सामग्री की नीलामी तथा विद्यालय में पीए सिस्टम को शामिल किया गया तथा प्रार्थना सभा स्थल एवं स्टेज के शेडिंग के प्रस्ताव पर चर्चा की गयी। बैठक में समिति के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

# पशु सखी प्रशिक्षण सम्पन्न

**पन्ना।** म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा आयोजित सात दिवसीय पशु सखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का गत दिवस समापन हुआ। सामुदायिक प्रशिक्षण केन्द्र पन्ना में सभी विकासखण्ड के 30 प्रतिभागियों (समूह सदस्यों) को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। मास्टर ट्रेनर तुलसी विश्वास एवं रिचा कुशवाहा द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

डीपीएम प्रमोद शुक्ला ने बताया कि प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को उन्नत पशुपालन, पशु आवास, पशु आहार, टीकाकरण, डी वार्मिंग, देशी उपचार एवं बीमार पशुओं के लक्षणों के आधार पर पहचानने इत्यादि के बारे में बताया गया।



जिला प्रबंधक (कृषि) सुशील शर्मा द्वारा प्रशिक्षण के लिए आवश्यक समन्वय किया गया। समापन अवसर पर जिला पारियोजना प्रबंधक द्वारा उपस्थित महिलाओं को बताया गया कि उन्नत तरीके से पशुपालन कर परिवार की आय को बढ़ा सकते हैं। भविष्य में उन्नत पशुपालन आय का बढ़िया जरिया बन सकता है।

# महर्षि अरविन्द घोष जयंती के उपलक्ष्य में हुआ कार्यक्रम

**पन्ना।** आधुनिक भारत के निर्माता के नाम से विख्यात महर्षि अरविन्द घोष की 152 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में गत 6 सितंबर को पुराना पन्ना बायपास रोड स्थित आजीविका भवन में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद पन्ना के तत्वाधान में जिला स्तरीय व्याख्यान माला कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला समन्वयक आनंद पांडेय द्वारा महर्षि अरविंद घोष के जीवन के बारे में प्रकाश डाला गया और युवाओं को उनके मार्ग का अनुसरण करने की बात कही। मुख्य अतिथि संतोष सिंह यादव उपाध्यक्ष जिला पंचायत पन्ना ने अपने उद्बोधन में आधुनिक भारत के नव निर्माण के लिए महर्षि अरविंद घोष के द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने को महती आवश्यकता बतलाया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि ऋतम खरे अधिवक्ता उच्चतम न्यायालय द्वारा



बताया गया कि बंगाल के महान क्रांतिकारियों में से एक महर्षि अरविंद देश की आध्यात्मिक क्रांति की पहली चिंगारी थे। उनका जन्म 15 अगस्त 1872 को कोलकाता में हुआ था और 5 दिसंबर 1950 को उनका पांडुचेरी में निधन हो गया था। उन्होंने गुलामी के उस दौर में आधुनिक भारत का सपना देखा। आज युवाओं को ऐसे महापुरुषों के व्यक्तित्व से परिचय होकर राष्ट्र प्रगति की ओर अग्रसर होने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) पन्ना से आए रत्नेश कुमार दुबे तथा राजीव कुमार के द्वारा भी अपने वक्तव्य रखे गए। शेख अंजाम द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित समस्त प्रतिभागियों एवं अतिथियों के आभार के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। उक्त कार्यक्रम में जन अभियान परिषद से क्षमा खरे विकासखंड समन्वयक अजयगढ़, अटल भूजल परियोजना के हाईड्रोलोजिस्ट पुनीत शुक्ला, नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति रक्सेहा, उन्नत शिखर संघर्ष समिति पन्ना के कार्यकर्ता, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पिपरी, बांधीकला, पन्ना नगर, पुराना पन्ना, बरबसपुरा, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के विद्यार्थी एवं परामर्शदाताओं के साथ भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के प्रशिक्षक तथा अभ्यर्थियों की उपस्थिति रही।

# नौकरी में आकर आनंद तो भूल ही गए थे, खुद से साक्षात्कार का पहला अवसर

## पन्ना जिले के चार विभागों के कर्मचारी ले रहे हैं नौगांव में आवासीय अल्पविराम

**पन्ना।** शासन के आनंद विभाग द्वारा सरकारी अधिकारियों-कर्मचारियों में सकारात्मकता लाने तथा आम नागरिकों के साथ सम्मान और सद्भावपूर्वक व्यवहार करने के लिए अल्पविराम कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं, जिनके पीछे धारणा यह है कि यदि व्यक्ति अंदर से व्यवस्थित, आनंदित होगा तो उसका बाहरी व्यवहार भी दूसरों का आनंद बढ़ाएगा। आनंद विभाग की प्रमुख सचिव रश्मि अरुण शमी तथा राज्य आनंद संस्थान के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशीष कुमार ने इसी आशय से प्रदेश के सभी संभागों में ग्रामीण विकास, राजस्व, नगरीय प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों-



कर्मचारियों के लिए तीन-तीन दिन के आवासीय अल्पविराम कार्यक्रम शुरू कराए हैं।

सागर संभाग के कार्यक्रम क्षेत्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज प्रशिक्षण केंद्र नौगांव में आयोजित किए गए हैं। छतरपुर के बाद पन्ना जिले के 56 अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए तीन दिवसीय कार्यक्रम संचालित हैं। सोमवार से दमोह जिले के कर्मचारी अल्पविराम के लिए नौगांव पहुंचेंगे। राज्य आनंद संस्थान की ओर से ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर लखनलाल असाटी द्वारा भोपाल से आए प्रदीप महतो, मास्टर ट्रेनर आशा असाटी, वैदेही त्रिपाठी, शिवनारायण पटेल, रामकृपाल यादव आदि के सहयोग से विभिन्न सत्रों के माध्यम से अधिकारियों-कर्मचारियों को खुद से संबंध बनाए जाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। पन्ना जिले के प्रतिभागियों ने कहा कि पहली बार जब नौकरी मिली थी तो बहुत अधिक प्रसन्नता हुई थी पर नौकरी करते-करते वह आनंद से कोसों दूर हो गए हैं। इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने पर सालों बाद उनका ध्यान खुद की ओर और आनंद की ओर आकृष्ट हुआ है। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि कार्यस्थल और घर परिवार दोनों जगह ही वह अपने आप को बहुत असहज मानते हैं। इस प्रशिक्षण के बाद उनका ध्यान अपने कार्य व्यवहार की ओर गया है। यह भी स्वीकार्यता बढ़ी है कि उनके सुख और दुख का कारण वह स्वयं हैं।

लखनलाल असाटी ने आनंद की ओर तथा सार्वभौमिक मानवीय मूल्य पर, आशा असाटी और वैदेही त्रिपाठी ने जीवन का लेखा-जोखा, प्रदीप महतो और शिवनारायण पटेल ने मेरे रिश्ते सत्र के माध्यम से अपनी निजी जिंदगी के अनुभव साझा किए। रामकृपाल यादव ने भी सहभागिता कर अपने अनुभव बताए तथा प्रतिभागियों का ध्यान इस और दिलाया कि मदद और कृतज्ञता के भाव के साथ कार्य व्यवहार करने से आनंद बढ़ता है, जिसका सर्वाधिक लाभ खुद के परिवार को होता है।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर सीधी, सोमवार 09 सितम्बर 2024




उप मुख्यमंत्री ने रीवा शहर के हृदय स्थल सिरमौर चौराहा में निर्मित फ्लाईओवर ब्रिज के तृतीय लेग का लोकार्पण किया। 29 करोड़ 61 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित तृतीय लेग सिरमौर चौराहे से सिरमौर एवं बोदाबाग मार्ग के लिए बनाया गया है।



## ब्राम्हण समाज का कल्याण होगा तो सभी समाजों का कल्याण होगा

### ब्राम्हरत्न सम्मान मेरा ही नहीं आप सबका सम्मान है : उप मुख्यमंत्री

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल को प्रथम ब्राम्हरत्न सम्मान प्रदान किया गया। विन्ध्या रिट्रीट में आयोजित समारोह में डॉ अनुराग मिश्र मेमोरियल सेवा संस्थान द्वारा उप मुख्यमंत्री को यह सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि ब्राम्हण समाज ने सदैव सबके कल्याण की चिंता की है। रीवा में विभिन्न आयोजनों से नवीन आध्यात्मिक वातावरण का निर्माण हो रहा है। बड़े-बड़े निर्माण कार्यों के साथ-साथ मंदिरों और घरों में सुंदरकाण्ड के पाठ, पचमठा में बीहर आरती तथा अन्य इसी तरह के आयोजनों से लोगों में धर्म के प्रति आस्था सुदृढ़ हो रही है। मैंने विन्ध्य के और विशेषकर रीवा के विकास के लिए सदैव प्रयास किया। इन प्रयासों को सफलता ईश्वर के आशीर्वाद से ही मिली है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि



आप सबने मुझे विधायक, मंत्री और उप मुख्यमंत्री बनाया। आपका अपार स्नेह और समर्थन मुझे चैन से सोने नहीं देता है। मुझे हमेशा क्षेत्र के विकास और आप सबके कल्याण की चिंता रहती है। आज भले ही लोग रीवा के विकास की उपलब्धियों का श्रेय मुझे दें लेकिन मैं हमेशा से यह मानता रहा आया हूँ कि मेरा काम अपने कर्त्तव्य का पालन करते हुए उचित कर्म करना है। इसका फल तो भगवान के हाथ में है। मैंने अपने 25 वर्ष के राजनैतिक जीवन में कई अच्छे और कठिन पलों का सामना किया। हर समय आप सबका अपार समर्थन मुझे आगे बढ़ने की प्रेरणा देता रहा है। ब्राम्हण समाज ने सदैव सबकी चिंता की है। ब्राम्हण समाज का कल्याण होगा तो सभी समाज का कल्याण होगा।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा के सामाजिक और धार्मिक संगठन निस्वार्थ भाव से सेवा कर रहे हैं। आपके द्वारा चुने जाने के बाद मेरे पास आपका काम करने के अलावा कोई काम नहीं होता है। समारोह में सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने कहा कि श्री राजेन्द्र शुक्ल आधुनिक रीवा के शिल्पी हैं। आपने रीवा की बहुत बड़ी सेवा की है। श्री शुक्ल विन्ध्य ही नहीं पूरे देश के ब्राम्हरत्न हैं। ब्राम्हण समाज ने सदैव शिक्षा और ज्ञान से समाज का मार्गदर्शन किया है। समय के साथ इसमें जो परिवर्तन हुआ है उसके संबंध में विचार मंथन की आवश्यकता है। समारोह में पूर्व विधायक श्री केपी त्रिपाठी, श्री जयराम शुक्ला तथा अधिवक्ता श्री सुशील तिवारी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। समारोह में डॉ केपी परौहा, डॉ प्रभाकर चतुर्वेदी, श्री चन्द्रिका प्रसाद चन्द्र, प्रोफेसर अजय शंकर पाण्डेय तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समारोह का संचालन डॉ संदीप पाण्डेय ने किया।

## कलेक्टर आज करेंगी टीएल पत्रों की समीक्षा

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल 9 सितम्बर को सुबह 11 बजे से आयोजित बैठक में टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की समीक्षा करेंगी। बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जा रही है। सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## कमिश्नर आज करेंगे खाद्य विभाग की समीक्षा

**रीवा।** खाद्य विभाग की संभागीय समीक्षा बैठक 9 सितम्बर को प्रातः 11 बजे से कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित की जा रही है। रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद बैठक में सार्वजनिक वितरण प्रणाली से खाद्यान्न वितरण की समीक्षा करेंगे। बैठक में खाद्यान्न के आवंटन, उठाव तथा वितरण, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना एवं सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की भी समीक्षा की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## उप मुख्यमंत्री श्री हनुमान प्राण प्रतिष्ठा समारोह में हुए शामिल

### रीवा में विकास के कार्य ईश्वर की कृपा से ही हो रहे हैं : उप मुख्यमंत्री

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल हाउसिंग बोर्ड तिराहे में नवनिर्मित श्री हनुमान जी के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री ने पूजा-अर्चना तथा आरती करके हनुमान जी का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा में पिछले दो दशक में तेजी से विकास हुआ है। रीवा का विकास ईश्वर की कृपा से ही संभव हो पाया है। मैं हनुमान जी और सभी देवताओं से रीवा, विन्ध्य और पूरे प्रदेश पर कृपा बनाए रखने की प्रार्थना करता हूँ। रीवा में अधोसंरचना विकास के साथ-साथ धार्मिक और आध्यात्मिक क्षेत्र में भी लगातार विभिन्न आयोजनों के माध्यम से नए वातावरण का निर्माण हो रहा है। समारोह में सांसद श्री जनार्दन मिश्र, पार्षदगण तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि व आमजन उपस्थित रहे।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान की समीक्षा बैठक आज

**रीवा।** कलेक्ट्रेट सभागार में 9 सितम्बर को स्वच्छता ही सेवा अभियान की समीक्षा बैठक टीएल बैठक के बाद आरंभ होगी। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल स्वच्छ भारत मिशन के तहत 14 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलाए जाने वाले स्वच्छता ही सेवा अभियान की तैयारियों की समीक्षा करेंगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे ने सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

## उप मुख्यमंत्री रीवा इन्फ्लुएंशर मीट में हुए शामिल



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल आज शहर के डंग पैलेस होटल में आयोजित युवा संवाद संगठन पर्व अंतर्गत रीवा इनफ्लुएंसर मीट 2024 में शामिल हुए। इस दौरान उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि भारत सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे जनकल्याणकारी और विकास कार्यों को जन समाज तक पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर की भूमिका आज के दौर में सबसे अहम है। आज जो भी विकास हो रहा है आने वाली पीढ़ी के लिए हो रहा है। हरित क्रांति, पर्यटन क्रांति और औद्योगिक क्रांति जिस जगह होगा, वहां लोग गरीब नहीं सशक्त होंगे।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत दुनिया में नंबर एक होने के साथ आर्थिक महाशक्ति बनने जा रहा है। सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर समाज को प्रभावित करने की शक्ति रखता है। इसलिए सोशल मीडिया का सही उपयोग करें। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष श्री अजय सिंह, विभिन्न सामाजिक संगठन के प्रतिनिधि, समाजसेवी, सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री आज करेंगे लाड़ली बहना योजना की राशि का अंतरण

**रीवा।** लाड़ली बहना योजना का राज्य स्तरीय समारोह 9 सितम्बर को दोपहर 1.30 बजे से सागर जिले के बीना में आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव समारोह में सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेश की लाड़ली बहना योजना के हितग्राहियों को सितम्बर माह की राशि का अंतरण करेंगे। मुख्यमंत्री श्री यादव सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के हितग्राहियों की राशि भी सिंगल क्लिक से जारी करेंगे।

## देवराज नगर के राजाधिराज मंदिर का निर्माण शीघ्र होगा शुरू

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल बाणसागर स्थित सिरसी टापू से मार्कण्डेय होकर लौटते समय देवराजनगर पहुंचे। स्थानीय प्रतिनिधियों ने उप मुख्यमंत्री को बताया कि बाणसागर डूब क्षेत्र में आने के फलस्वरूप राजाधिराज मंदिर का मुआवजा मिला था। जिससे देवराजनगर में मंदिर का पुनर्निमाण शुरू किया गया। तकनीकी अड़चनों से मंदिर का पुनर्निमाण लंबे समय से बंद पड़ा हुआ है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि राजाधिराज मंदिर का निर्माण शीघ्र शुरू होगा। संबंधित अधिकारी मंदिर के निर्माण की सभी बाधाएं दूर करके निर्माण



कार्य शीघ्र शुरू कराएं।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने देवराज नगर के के समीप प्रसिद्ध गिद्धकूट पर्वत के संबंध में कहा कि गिद्धकूट पर्वत बहुत पवित्र पर्वत है। इसमें बड़ी संख्या में गिद्धों का निवास है। इनके सरंक्षण और संवर्धन के लिए समुचित प्रयास किए जाएंगे। मौके पर उपस्थित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने बताया कि नवीन गिद्ध गणना में यहां 230 गिद्ध पाए गए हैं। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष सतना श्री रामखेलावन कोल, वन समिति के सभापति हरीशकांत त्रिपाठी, आशुतोष गुप्ता, सरपंच प्रिंस सिंह भी उपस्थित रहे।

## उप मुख्यमंत्री कश्यप जयंती समारोह में हुए शामिल

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल आज कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम रीवा में कश्यप जयंती के अवसर पर केसरवानी वैश्य नगर सभा द्वारा आयोजित समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम में समाज के लोगों द्वारा उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल को सम्मान स्वरूप राधा कृष्ण की प्रतिमा भेंट की गई।

## राजयोगिनी बीके ऊषा दीदी के आगमन की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

रीवा

परम तपस्विनी, अंतर्राष्ट्रीय वक्ता, परम विदुषी, राज योगिनी ब्रह्माकुमारी उषा दीदी जी के 24 सितंबर रीवा आगमन को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम को लेकर पूरी रूपरेखा और जिम्मेदारियां का विभागवार चर्चा की गई। कार्यक्रम में यह भी तय किया गया कि इस महत्वपूर्ण आयोजन का लाभ विंध्य क्षेत्र के सभी जनमानस को प्राप्त हो जाए ,ऐसी रूपरेखा



सुनिश्चित की जाए।

इस बैठक में 21 प्रभागों के विशिष्ट नागरिकों को सम्मान पूर्वक स्थान देने का, सर्वजन मानस को गीता ज्ञान का लाभ प्रदान करने का समुचित उपाय करने को कहा गया। इसके अलावा मातृशक्ति और सेवाधारियों व सभी को कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में उचित स्थान पर रहकर सेवा में तत्पर रहने की बात कही गई।

इस बैठक में विंध्य क्षेत्र रीवा व शहडोल संभाग से आने वाले विशिष्ट जनों को कोई असुविधा का सामना न करना पड़े, इसकी तैयारी पर विचार किया गया। दिनांक 24 सितंबर 2024 के पूर्व संपूर्ण कार्यक्रम की तैयारी का रिहर्सल 20 सितंबर तक पूर्ण करने का निश्चय पदाधिकारियों ने लिया। इस बैठक में मुख्य रूप से प्रबंधक राजभान पटेल , चीफ मैनेजर शिखा चिकटे,बीके सोमकांत शर्मा स्टेशन प्रबंधक, रविंद्र गुप्ता, नीलेश श्रीवास्तव ,रूप कुमार पुरवार, ममता पटेल, सरला सिंह तिवारी ,बीके सुभाष, अमर दुम्बानी, मुस्कान,शंकर प्रसाद विश्वकर्मा, शिव क्रिएशन के संचालक शिव कुशवाहा एवम प्राचार्य दीपक तिवारी उपस्थित रहे।

## भारत पेन्शनर समाज की बैठक आज

**रीवा।** भारत पेन्शनर समाज की मासिक बैठक आज 9 सितम्बर दिन सोमवार को दोपहर 2.00 बजे से शिल्पी प्लाजा 'बी' ब्लाक स्थित पेन्शनर समाज के कार्यालय में आयोजित की गई है। बैठक में आगामी 17 दिसम्बर 2024 को पेन्शनर दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों तथा अन्य संघटनात्मक विषयों पर चर्चा की जायेगी तथा यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया के रीजनल पदाधिकारियों द्वारा वरिष्ठ नागरिकों से संबंधित बैंक योजनाओं की जानकारी प्रदान की जायेगी।

## वरिष्ठ अधिवक्ता केदार गुप्ता बने भारत तिब्बत सहयोग मंच के जिलाध्यक्ष

**रीवा।** भारत तिब्बत सहयोग मंच मध्यक्षेत्र के संयोजक गिरिराज किशोर पोद्दार ने महाकौशल प्रान्त मंत्री रामगोपाल गुप्ता की सहमति से रीवा जिले के समाज सेवी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता केदार प्रसाद गुप्ता को उनके अनुभव के आधार पर भारत तिब्बत सहयोग मंच जिला इकाई रीवा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। केदार गुप्त ने अपनी नियुक्ति पर मध्यक्षेत्र के संयोजक गिरिराज किशोर पोद्दार, महाकौशल प्रान्त मंत्री रामगोपाल गुप्ता एवं महाकौशल प्रान्त समन्वयक श्रीकांत पोद्दार अधिवक्ता को धन्यवाद ज्ञापित किया है और कहा है कि जो जिम्मेदारी मुझे सौपी गई है उसे मैं संपूर्ण क्षमताओं के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करूंगा। श्री गुप्त को भारत तिब्बत सहयोग मंच जिला इकाई रीवा का जिलाध्यक्ष नियुक्त किये जाने पर अधिवक्ता संतोष अवधिया, सुरेश विश्नोई, सतीश कुशवाहा, आनन्द कुशवाहा, रामाधार कुशवाहा, सुनील अग्रवाल, आशीष गुप्ता, राकेश पटेल, अमृतलाल जयसवाल, रामकुमारी सनेह, सरोज सम्राट, अनुराधा गुप्ता, अशोक शुक्ला, प्रमोद गुप्ता, हेतलाल शर्मा, धर्मेन्द्र सोनी, अभिषेक सोनी, आर.एन.सोनी, विजय त्रिपाठी, रामकिशोर केवट, बालकृष्ण गुप्ता सहित इष्ट मित्रों ने खुशी व्यक्त करते हुए वधाई दी है।

## 10वां अग्रसेन चौक स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**रीवा।** अग्रसेन अग्रवाल समाज रीवा द्वारा अग्रसेन चौक के 10 वर्ष पूर्ण होने पर चौक का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। 7 सितंबर 2014 को वर्तमान उपमुख्यमंत्री माननीय राजेंद्र शुक्ल जी द्वारा अग्रसेन चौक का अनावरण किया गया था।जिसमें देश प्रदेश के गणमान्य नागरिक,राजनीतिक, प्रशासनिक,सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों की उपस्थिति एवं तात्कालिक अध्यक्ष श्री गणेश प्रसाद अग्रवाल की अध्यक्षता में अग्रसेन चौक अनावरण का उत्सव मनाया गया था। 7 सितंबर दिन शनिवार को सांयकाल 7 बजे अग्रसेन महाराज की प्रतिमा में माल्यार्पण,दीपप्रज्वलन,पूजन,आरती अग्रवाल समाज अध्यक्ष एड.सुनील अग्रवाल द्वारा की गई।तदुपरांत अग्रसेन जी का समाजवाद एक रुपया,एक ईंट महाराजा अग्रसेन जी की जय के गंगनभेदी नारों के साथ आतिशबाजी करके गरिमामय रूप से बनाया गया।उपरांत मिष्ठान फल वितरण समाज के बुद्धिजीवी वर्ग द्वारा किया गया।इस अवसर पर अध्यक्ष सुनील अग्रवाल एड.ने कहा कि आज समाज सेवा के क्षेत्र में तथा देश की प्रगति में अग्रवाल समाज अग्रणी भूमिका का निर्वहन सतत कर रहा है।हमें सदैव एकजुट होकर विकास कार्यों को आगे लेकर जाना है। सभी अग्रबन्धुओं ने एक दूसरे को गले मिलकर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्य रूप से अशोक अग्रवाल, गणेश प्रसाद अग्रवाल, मदन मोहन अग्रवाल, जवाहरलाल अग्रवाल, अरुण अग्रवाल, एड.नूतन अग्रवाल, शारदा अग्रवाल, रूपेश अग्रवाल, एड.संतोष अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, अग्रवाल नवयुवक मंडल के अध्यक्ष अजय अग्रवाल, इंजी.के. के.अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, महेश अग्रवाल, अमित अग्रवाल, रसिक बिहारी अग्रवाल, राकेश अग्रवाल तम्बाकू वाले, दिलीप अग्रवाल, दीपेश अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, आर.जी.अग्रवाल, मुरली अग्रवाल, महेश अग्रवाल, रामजी अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, सुनील अग्रवाल क्रेशर, आर.के. अग्रवाल, संतोष अग्रवाल एलआईसी आदि अग्रवालबंधु शामिल रहे।

## सरसी आइलैंड बनेगा मध्यप्रदेश का प्रमुख पर्यटन केंद्र

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री एवं शहडोल जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि मध्य प्रदेश के लिए बाणसागर डूब क्षेत्र के सरसी आइलैंड को पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनाया गया है। उन्होंने कहा कि बाणसागर स्थित सरसी आइलैंड में लक्षद्वीप और खंडवा के हनुवंतिया जैसा महसूस होता है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि पर्यटकों के लिए जिम, 5-स्टार होटलों जैसी सुविधाऐं, आने जाने के लिए स्पीड मोटर बोट और डेस्टिनेशन वेडिंग कार्यक्रम के लिए आकर्षक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने सरसी आइलैंड रिसॉर्ट ब्यौहारी, शहडोल के सभागार में पर्यटन विकास निगम की बैठक में रिसॉर्ट में पर्यटन गतिविधियों के विकास के लिए महत्वपूर्ण विषयों पार चर्चा



की।

### सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए

उप मुख्यमंत्री शूक्ला ने कहा कि सरसी आइलैंड में पर्यटक परिवार लेकर आएं और यहां रुके इसके लिए भी सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। रीवा से सरसी आइलैंड के आवागमन के सुगमता को बेहतर बनाने के प्रबंध किए जायें। ताकि विंध्य क्षेत्र के अमरकंटक, बाधवगढ़, मैहर, मुकुंदपुर टाइगर सफारी जैसे अन्य पर्यटन स्थल में आने वाले पर्यटक भी सरसी आइलैंड में आयें और प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद उठाएं।

### रिक्त पड़ी भूमि में गौशालाओ का होगा निर्माण

उप मुख्यमंत्री ने सरसी आइलैंड क्षेत्र में विचरण कर रहे गौवंश के लिए उचित व्यवस्थाए करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सरसी आइलैंड क्षेत्र में गौवंश के संरक्षण के लिए उचित व्यवस्थाएं कराए। सरसी आइलैंड रिसॉर्ट में रिक्त पड़ी भूमि में 100-100 गायों के लिए गौशालाओ का निर्माण कराया जाए, जिससे गौवंश के संरक्षण के साथ-साथ किसानों की फसलों को भी बचाया जा सकेगा। उप मुख्यमंत्री ने सरसी आइलैंड रिसॉर्ट में नीम के पौधे का रोपण भी किया। उप मुख्यमंत्री ने वोट क्लब, जिम आदि सुविधाओं का निरीक्षण किया।

### 5 एकड़ में बनाया गया है सरसी आईलैंड

गौरतलब है कि सरसी आईलैंड लगभग 15 एकड़ की क्षेत्रफल में बनाया गया है। यहां पर पर्यटकों को पहुंचने के लिए मारकंडेय एवं इटमा में घाट बनाए गए हैं। घाट में वोट, पार्किंग एवं टॉयलेट सहित अन्य प्रकार की सुविधा भी उपलब्ध की गई है। सरसी आईलैंड में पहुंच मार्ग के लिए ग्राम सरसी में भी घाट बनने के लिए प्रस्तावित है। विधायक श्री शरद कोल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री राजेश जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक दीवान सहित अन्य प्रशासनिक और विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833